एजेंसी देना है
एजेंसी लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
मो. 9893798715

RNI No:-MPHIN/2008/24599 डाक पंजीयन:- SDL-0019/2023-2025 Epaper:- www.fatwasamachar.com

# फतवा

प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित | भोपाल और छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार | आपका विश्वास





## प्रमुख संक्षिप्त

### जमीन विवाद को लेकर पटना में दो पक्ष भिड़े, चले पत्थर और गोलियां

**पटना।** पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र के लालजी टोला में मंगलवार की सुबह करीब 12 राउंड फायरिंग हुई। घटना की जानकारी मिलते पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर ईंट फेंक रहे हैं। साथ ही मारपीट कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को गोली का खोखा सौंपा है। घटना की पुष्टि गांधी मैदान के थानेदार ने की है। जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। इसी बीच दूसरे पक्ष ने गोली चला दी। करीब 12 राउंड से ज्यादा गोलीबारी हुई है। घटना में एक शख्स घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रास्ते पर बाउंड्री वॉल उठाने को लेकर विवाद था। एक पक्ष का कहना है कि वीआईपी पार्टी के नेता आनंद मधुकर अपने 10 से 20 समर्थकों के साथ आए और मारपीट के साथ गोलीबारी की। जबकि गांधी मैदान थाना से ही हम लोगों को अपनी जमीन में बाउंड्री उठाने के लिए कहा था।

### कर्नाटक में जाति जनगणना रिपोर्ट लीक, सरकार आंतरिक दबाव में

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार जातिगत जनगणना रिपोर्ट के लीक होने के बाद आंतरिक दबाव का सामना कर रही है। वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के विधायकों और नेताओं ने रिपोर्ट के आंकड़ों पर कड़ा विरोध जताया है। गुरुवार को होने वाली कैबिनेट बैठक से पहले डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस विधायकों की एक विशेष बैठक मंगलवार को बुलाई है। शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने रिपोर्ट अभी नहीं देखी है, उसका अध्ययन किया जा रहा है। मंगलवार को हमारी पार्टी के समुदाय विशेष के विधायकों के साथ बैठक होगी। हम इस विषय पर चर्चा करेंगे और ऐसा सुझाव देंगे जिससे किसी की भावनाएं आहत न हों और सभी का सम्मान बना रहे। रिपोर्ट के मुताबिक लिंगायत समुदाय से आने वाले वन मंत्री ईश्वर खंडरे ने कहा कि वह कई समुदायों के नेताओं की राय एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह भी रिपोर्ट का अध्ययन कर रहे हैं और कैबिनेट बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

### भांडुप के कुख्यात गैंगस्टर ने मनाया अनोखा जन्मदिन, पुलिस ने पहुंचाया जेल

**मुंबई।** भांडुप का कुख्यात गैंगस्टर ज़िया अंसारी की चर्चा इस बार उसके क्राइम के लिए नहीं बल्कि उसके अनोखे जन्मदिन मनाने को लेकर हो रही है। उसने जिस तरह से अपना जन्मदिन मनाया, उससे वह जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा गया, जबकि कई संगीन अपराध करने के बावजूद वह खुलेआम घूम रहा था। दरअसल जिया अंसारी ने अपने जन्मदिन पर खुद के ऊपर दर्ज एफआईआर वाले केक काटे। महाराष्ट्र का गैंगस्टर ज़िया बीते दिनों जमानत पर बाहर आया था। उसने अपना जन्मदिन मनाया। जन्मदिन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गैंगस्टर ज़िया अंसारी पर पहले भी कई गंभीर आरोप हैं। उसने अपने जन्मदिन पर जो केक काटे, उन पर वही आईपीसी की धाराएं लिखीं थीं, जो उसके ऊपर दर्ज हैं। इन केक के साथ लास्ट में एक प्रश्न चिह्न (?) वाला केक भी था, जिसे देखकर लग रहा था कि वह अपने अगले अपराध के बारे में संकेत दे रहा है।

### आज मुंबई बाबा साहेब की वजह से ही महाराष्ट्र का हिस्सा है: राज ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) चीफ राज ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र के निर्माण में बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की बड़ी भूमिका है। मुंबई को लेकर बाबा साहेब ने साफ लहजे में कह दिया था कि अन्य भाषा बोलने वालों के आने की वजह से मुंबई को महाराष्ट्र से अलग नहीं रखा जा सकता। मुंबई मराठी भाषियों की है और यह महाराष्ट्र में ही रहनी चाहिए। राज ठाकरे ने सोमवार को महाराष्ट्र के निर्माण में भारत रत्न डॉ आंबेडकर के योगदान को याद किया और बताया कि कैसे मुंबई में उनका निवास संयुक्त महाराष्ट्र समिति का बैठक केंद्र बन गया।

#### योगी बोले- वक्फ की जमीनों पर मकान बनवाएंगे

# लातों के भूत बातों से नहीं मानते, जिसे बांग्लादेश पसंद, वो वहां चला जाए

**हरदोई**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा- वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे। निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा। वक्फ कानून के विरोध में बंगाल में हो रही हिंसा पर सीएम ने हरदोई में कहा- लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। दंगाई डंडे से ही मानेंगे। जिसे बांग्लादेश पसंद है, वह बांग्लादेश चला जाए।

उन्होंने कहा- बंगाल जल रहा है, लेकिन वहां की मुख्यमंत्री के साथ-साथ सपा और कांग्रेस भी चुप हैं। ममता बनर्जी दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं और सेक्युलरिज्म के नाम पर उन्हें खुली छूट दे दी है। इस तरह की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। वहां की कोर्ट को धन्यवाद दूंगा, जिसने वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है।

योगी मंगलवार को माधोगंज स्थित रुइया गढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपत सिंह के विजय दिवस समारोह में भाग लिया। इस मौके पर



मुख्यमंत्री ने 650 करोड़ रुपए की 729 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

### वक्फ की जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनाएंगे

वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल बनेंगे, गरीबों के लिए मकान बनेंगे, ऊंची इमारतें बनेंगी। यहां स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे और निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा, लेकिन किसी को जमीन पर कब्जा कर गुंडागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। लोग इसी वजह से परेशान हैं, क्योंकि जमीन के नाम पर जो लूट मची थी, अब वह रुकने वाली है।

### सपा-कांग्रेस को परेशानी है कि अब गुर्गे खाली हो जाएंगे

इन लोगों को इसलिए परेशानी हो रही है, क्योंकि अब उनके गुर्गों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वो गुर्गे जो पहले जनता को लूटते थे। जो भस्मासुर पाल रखे थे, अब उन्हें डर है कि कहीं वही इन्हें न डसने लगें। जो अकूत संपत्ति इकट्ठा की गई थी, उस पर डकैती न पड़ जाए। इसलिए ये वक्फ के नाम पर जनता को गुमराह कर रहे हैं, आंखों में धूल झोंक रहे हैं, लेकिन गुमराह होने की जरूरत नहीं है। हमें संविधान और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर विश्वास रखना है और विकास की प्रक्रिया से जुड़ना है।

### दंगाइयों का उपचार सिर्फ डंडा है

पहले रोजगार का अभाव था, अव्यवस्था थी। हमने योजनाओं को आगे बढ़ाया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पहले लोगों को पलायन करना पड़ता था, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। इन दंगाइयों का इलाज केवल डंडा है, बिना डंडे के वे मानेंगे नहीं।

### ये लोग भारत की धरती पर बोझ बने हुए हैं

मुर्शिदाबाद को लेकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और टीएमसी सब मौन हैं। वे धमकी पर धमकी दे रहे हैं और बांग्लादेश में जो हुआ, उसका समर्थन कर रहे हैं। अगर उन्हें बांग्लादेश अच्छा लगता है, तो वहीं चले जाएं। ऐसे लोग भारत की धरती पर बोझ बन चुके हैं।

### हरदोई के हुनर को पहचान मिलेगी

हरदोई में मेडिकल कॉलेज पूरी तरह तैयार हो चुका है और जल्द ही नर्सिंग कॉलेज भी शुरू होगा। गंगा एक्सप्रेसवे की 99 किलोमीटर की दूरी हरदोई से होकर गुजरेगी, जिससे दिल्ली और प्रयागराज की दूरी घटेगी। हरदोई की सीमा पर पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क बनने जा रहा है, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा और यहां के हुनर को पहचान मिलेगी। अब लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि दूसरे राज्यों से लोग हरदोई आएंगे।

### सुप्रीम और हाईकोर्ट से फटकार के बाद ममता सरकार ने तैयार की 19 हजार योग्य शिक्षकों की सूची

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चर्चित शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी और हाईकोर्ट के फैसले के बाद ममता सरकार ने 19 हजार योग्य शिक्षकों की लिस्ट तैयार की है। इस लिस्ट को स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) ने तैयार की है और शिक्षा विभाग को भेज दी गई है, इस ममता सरकार जल्द सार्वजनिक करेगी। 2016 में हुई शिक्षक और स्टाफ भर्ती प्रक्रिया को कोलकाता हाईकोर्ट ने अवैध करार देकर रद्द कर दिया था। इसमें 25,753 पदों पर भर्ती हुई थी। कोर्ट ने भर्ती में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की बात कही थी, इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने भी 3 अप्रैल 2025 को बरकरार रखा। एसएससी ने कहा कि सूची सीबीआई द्वारा जांचे गए ओएमआर शीट्स की मिरर इमेज के आधार पर तैयार की गई है। सीबीआई ने जांच के दौरान ओएमआर शीट की स्कैन कॉपियों वाली एक हार्ड डिस्क गाजियाबाद से जब्त की थी। ये शीट्स 2016 की परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी न्यासा कम्युनिकेशन के एक पूर्व कर्मचारी के पास से मिलीं। एसएससी के जब्त किए गए सर्वर में मौजूद डेटा से भी जांच में मदद मिली। योग्य शिक्षकों की सूची 21 तक सार्वजनिक करने की मांग को लेकर शिक्षक 16 अप्रैल से दिल्ली में धरना शुरू करने जा रहे हैं।

#### अयोध्या समेत यूपी के कई जिलों में बम की धमकी

## अयोध्या ट्रस्ट ने दर्ज कराई एफआईआर, सुरक्षा बढ़ाई

**अयोध्या।**

राम जन्मभूमि परिसर और उत्तर प्रदेश के कई जिलों के डीएम ऑफिसों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। राम मंदिर ट्रस्ट, चंदौली, बाराबंकी और अलीगढ़ समेत कई जिलों के अधिकारियों को सोमवार देर रात बम की धमकी वाला मेल प्राप्त हुआ, जिसमें लिखा था– बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा...। इस संदेश ने किसी बड़ी साजिश की आशंका को जन्म दे दिया है। सभी तरफ सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जांच की जा रही है। यहां राम जन्मभूमि ट्रस्ट ने धमकी वाले ईमेल को गंभीर मानते हुए अयोध्या के साइबर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे शहर में सुरक्षा अलर्ट जारी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया। अयोध्या के साथ ही यूपी के कई जिलों को धमकी मिली है। इसके तहत चंदौली डीएम ऑफिस को भी मेल मिला, जिसमें कलेक्ट्रेट



को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। डीएम निखिल टी. फूंडे ने मीडिया को बताया कि मेल तमिलनाडु निवासी गोपाल स्वामी नामक व्यक्ति के नाम से आया है। अंदेशा जताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति ने किसी राजनीतिक मुद्दे को लेकर इस तरह की धमकी देने का काम किया होगा। चंदौली डीएम ने कहा कि मेल में तमिलनाडु के किसी राजनीतिक मुद्दे का ज़िक्र किया गया था। जांच के बाद कोई विस्फोटक नहीं मिला, लेकिन सतर्कता बरती गई। चंदौली जिलाधिकारी निखिल टी. फूंडे ने बताया कि गोपाल स्वामी नामक किसी शख्स ने यह मेल किया था। किसी अनहोनी की आशंका के चलते बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड ने बिल्डिंग की जांच की, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला।

इसी प्रकार से बाराबंकी और अलीगढ़ के डीएम ऑफिसों को भी बम से उड़ाने वाला मेल मिला है। इसे देखते हुए अलीगढ़ में भी भारी पुलिस बल, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते की तैनाती की गई है।

### शुरुआती जांच से खुलासा ईमेल तमिलनाडु से भेजे गए

सुरक्षा एजेंसियों की शुरुआती जांच में पता चला है कि ये ईमेल तमिलनाडु से भेजे गए हैं। फिलहाल साइबर सेल मेल भेजने वाले की लोकेशन और पहचान की जांच कर रही है। अयोध्या समेत सभी संबंधित जिलों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। संदिग्ध मेल की भी गहन जांच की जा रही है। केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियां अलर्ट पर हैं।

## वक्फ कानून को मिले समर्थन से गदगद मोदी सरकार, यूनिफॉर्म सिविल कोड पर आगे बढ़ी

#### पीएम मोदी ने हरियाणा की रैली में दिए इसके संकेत

**नई दिल्ली।**

केंद्र की मोदी सरकार ने अब यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) को लेकर तेजी से आगे बढ़ रही हैं। हाल में वक्फ कानून में संशोधन वाले बिल को संसद में पूर्ण समर्थन मिलने के बाद, मोदी सरकार ने इशारों में संकेत दिए हैं कि अब यूसीसी को प्राथमिकता दी जाएगी। दरअसल मोदी सरकार के वक्फ बिल को विपक्षी दलों युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी और बीजू जनता दल का समर्थन मिला,इससे मोदी सरकार का आत्मविश्वास बढ़ गया है। इस बार भाजपा को संसद में पूर्ण बहुमत नहीं मिला है और वह जेडीयू व टीडीपी जैसे सहयोगियों के समर्थन पर निर्भर है। लेकिन शुरुआत में मोदी सरकार ने




संवेदनशील मुद्दों को टालने की रणनीति अपनाई थी। लेकिन वक्फ बिल पर अप्रत्याशित समर्थन ने राजनीतिक समीकरणों को बदल दिया है। बात दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा में कहा कि ÷संविधान की भावना है कि सबके लिए एक जैसी नागरिक संहिता हो, इस मैं सेक्युलर सिविल कोड कहता हूं। कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान कभी लागू नहीं किया, बल्कि सत्ता संकट के समय संविधान को कुचल दिया। पीएम मोदी ने उत्तराखंड में लागू यूसीसी को मिसाल के तौर पर पेश किया और कांग्रेस पर संविधान की भावना के विरोध का आरोप लगाया। बात दें कि मोदी सरकार ने यूसीसी पर काम को आगे बढ़ाने के लिए अब 23वें विधि आयोग को सक्रिय कर दिया है। 22वें विधि आयोग ने यूसीसी पर प्रारंभिक ड्राफ्ट तैयार करके सार्वजनिक राय मांगी थी, जिस पर करीब एक करोड़ लोगों की प्रतिक्रियाएं मिली थीं। लेकिन आयोग का कार्यकाल समाप्त होने के कारण प्रक्रिया थम गई थी। अब 23वें विधि आयोग की अधिसूचना 2 सितंबर 2024 को जारी हो चुकी है और मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए।

## अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू, ऑनलाइन और ऑफलाइन कर सकते

**नई दिल्ली।**

वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण शुरु हो चुका है। यह पंजीकरण आप ऑनलाइन और ऑफलाइन कर सकते है। बता दें कि इस साल पवित्र अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई को शुरू होकर 9 अगस्त 2025 तक चलेगी। आपको श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर जाना होगा। इस वेबसाइट पर आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा और एक पासपोर्ट साइज फोटो वाला आईडी प्रूफ जैसे आधार, वोटर आईडी या फिर पासपोर्ट अपलोड करना होगा। साथ ही एक मेडिकल सर्टिफिकेट भी अपलोड करना होगा, इस श्राइन बोर्ड द्वारा अनुमोदित डॉक्टर से बनवाना जरूरी है। इसके अलावा आपको रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर 150 रुपये भी जमा करने है। जब आप वेबसाइट पर दिया गया फॉर्म भर लेते हैं तब परमिट की एक सॉफ्ट कॉपी जेनरेट होगी जिसका प्रिंट आउट निकलवा कर यात्रा के दौरान अपने पास रखे। अगर आप ऑफलाइन आवेदन करना चाहते हैं।

## राज्यपाल रवि ने छात्रों से लगवाए जय श्री राम' के नारे, विरोधी नाराज

**मदुरै।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को सुप्रीम कोर्ट से फटकार लगे अभी ज्यादा समय नहीं हुआ हैं कि एक नया विवाद खड़ा हो गया। 12 अप्रैल को मदुरै के कॉलेज में उन्होंने छात्रों से 'जय श्री राम' के नारे लगवा दिए। विरोधी दलों का कहना है कि किसी संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति इसतरह के धार्मिक नारे नहीं लगवा सकता, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। दरअसल राज्यपाल रवि 12 अप्रैल को मदुरै के एक कॉलेज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। राज्यपाल ने कम्ब रामायण लिखने वाले कवि चक्रवर्ती कम्बन के सम्मान में छात्रों से आग्रह किया, आइए हम उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि अर्पित करें जो श्री राम का महान भक्त था। मैं कहूंगा और आप दोहराएंगे, जय श्री राम। इसके बाद राज्यपाल रवि और छात्रों ने तीन बार जय श्री राम का नारा लगाया।

### भारतीय मौसम विज्ञान का अनुमान, देश में कहीं भीषण गर्मी, कहीं तेज बारिश का जोर

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न राज्यों में मौसम का मिजाज काफी अलग है। कहीं गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रही है, कहीं बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, पश्चिमी राजस्थान से लेकर हिमालयी क्षेत्रों तक और दक्षिण भारत से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों तक अलग-अलग मौसमीय गतिविधियां दिखाई देंगी। पश्चिमी और पूर्वी राजस्थान में 16 से 18 अप्रैल के बीच लू की स्थिति बनी रहेगी। कुछ इलाकों में यह लू बेहद गंभीर रूप ले सकती है। गुजरात राज्य में भी 17 अप्रैल तक गर्म हवाओं का असर जारी रहने की संभावना है।

## नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामला : राहुल और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी और ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (चार्जशीट) दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल चार्जशीट में कांग्रेस से जुड़े सुमन दुबे और अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। कोर्ट इस मामले पर संज्ञान लेने की प्रक्रिया 25 अप्रैल को शुरु करेगी। यहां बताते चलें कि यह मामला नेशनल हेराल्ड, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और कांग्रेस नेताओं की निजी कंपनी यंग इंडियन के बीच हुए



वित्तीय लेन-देन से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस नेताओं ने पार्टी फंड का दुरुपयोग किया। एजेएल की करोड़ों की संपत्ति को यंग इंडियन के जरिए निजी नियंत्रण में लाया गया। ईडी का दावा है कि पार्टी फंड्स का गैरकानूनी तरीके से निजी लाभ के लिए उपयोग किया गया।

### यंग इंडियन में कौन हैं हिस्सेदार ?

जांच के अनुसार, यंग इंडियन में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 76प्रतिशत हिस्सेदारी है। शेष हिस्सेदारी अन्य कांग्रेस नेताओं और पार्टी से जुड़े लोगों के पास बताई गई है।

**खास** | योगी सरकार इसे लेकर लगातार काम में जुटी

## इलेक्ट्रिक वाहनों की ब्रिकी में यूपी शीर्ष पर, चार्जिंग स्टेशन में तीसरे नंबर पर

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन के मामले में देश में तीसरे पायदान पर है। यूपी में कुल 2 हजार 137 सार्वजानिक चार्जिंग स्टेशन हैं। इस सूची में पहले स्थान पर कर्नाटक है। वहां इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन की संख्या 5 हजार से ज्यादा है। अप्रैल के पहले हफ्ते में ऊर्जा मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी की ओर से देश भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के सार्वजानिक चार्जिंग स्टेशन को लेकर आंकड़े जारी किए। इसमें उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इनकी संख्या के बारे में बताया गया है। उत्तर प्रदेश



सूची में तीसरे नंबर पर है। यहां 2 हजार 137 चार्जिंग स्टेशन हैं। यहां के टीयर-2 के मुकाबले टीयर-3 शहरों में सार्वजनिक जगहों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन ज्यादा हैं। राज्य में टीयर-3 शहरों में इनकी संख्या 1381 है, जबकि टीयर-2 शहरों में 756 है। इस मामले में कर्नाटक पहले स्थान पर है, जबकि महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है। वहीं, देश भर में कुल 26 हजार 367 चार्जिंग स्टेशन हैं। लेकिन आपकों जानकार हैरानी होगी की ईवी की बिक्री के मामले में देश भर में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उत्तर प्रदेश निवेश के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, ईवी के बाजार में 14 फीसदी बिक्री की हिस्सेदारी के साथ राज्य पहले नंबर पर है। राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों में सबसे बड़ी हिस्सेदारी तीन पहिया वाहनों की है। कुल बिक्री में यह 40 फीसदी से अधिक है। साल 2019 में फेमा (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इन इंडिया) के 1 और 2 के तहत भारत सरकार ने राज्यों को 10 हजार करोड़ रुपए सब्सिडी दी थी। इसके तहत उत्तर प्रदेश के 9 शहरों नोएडा, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली और झांसी में इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशन बनाए गए। उत्तर प्रदेश ने इलेक्ट्रिक वाहनों के इकोसिस्टम को लेकर सरकार ने 2019 में नई पॉलिसी लांच की थी। ऐसा करने वाला यह कुछ शुरुआती राज्यों में शामिल था। 2022 में रिन्यू की गई पॉलिसी के मुताबिक, अगर राज्य में कोई ईवी वाहन खरीदता है, तब उस पर राज्य सरकार की तरफ से सब्सिडी मिलती है।

## "अभिवादन से दीर्घजीवी होने का रहस्य"

भारतीय संस्कृति में सभी धर्मशास्त्रकारों ने, ''अभिवादनशीलता'' को महान् धर्म और सदाचार का प्रमुख लक्षण बतलाया है। महाराज मनु ने अपनी स्मृति के प्रारम्भ में ही अभिवादनशील व्यक्ति को दीर्घायु, सद्विद्या, उत्तम यश और महान् बल परार्क्रम की सहज ही प्राप्ति बतलायी है। मूलतः महर्षि मार्कण्डेयजी अभिवादनशीलता के सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उनमें विनय, नम्रता,शिष्टाचार, मर्यादा रक्षण, अभिवादनशीलता श्रेष्ठजन, वृद्धों तथा गुरूजन के प्रति आदर - बुद्धि, सेवाभाव आदि सद्गुणों का भण्डार भरा था, एवं नित्य विप्रों के अभिवादन करने से जो उन्हें आशीर्वाद प्राप्त हुआ, उसी से वे कालजयी महात्मा हुए तथा सदा - सदा के लिए अजर - अमर हो गये।

अपने इस धर्माचरण से ऋषि मार्कण्डेयजी ने संसार में यह सन्देश दिया है कि '' अपने माता - पिता, गुरू तथा श्रेष्ठजन को सदा प्रणाम करना चाहिये और विनीत भाव से सदा उनका अभिवादन करना चाहिये। इससे दीर्घायु प्राप्त होती है और जीवन सफल हो जाता है।''इस बात के प्रमाणीकरण में पुराणों में एक कथा प्रसिद्ध है ऐसा वर्णन है कि जब मार्कण्डेय पांच वर्ष के थे, एक दिन वे अपने पिता महर्षि मृकण्डुजी की गोद में खेल रहे थे, उसी समय संयोग से एक महाज्ञानी मर्मज्ञ वहाँ आ पहुँचे और उन्होंने उस बालक के विशिष्ट लक्षणों को देखकर महर्षि मृकण्डु से कहा ''मुने! आपका यह बालक कोई सामान्य बालक नहीं है, यह दैवीगुणों से सम्पन्न है और इससे संसार का महान कल्याण होने वाला है। इसके शरीर में जो शुभ लक्षण हैं, ऐसे लक्षण किसी में हो तो वह अजर - अमर होता है, किन्तु इस बालक में एक विशेष लक्षण हैं , जिससे सूचित होता है कि आज के दिन से छः महीने होते ही वह मृत्यु को प्राप्त होगा। अतः आप आज, अब से ही इसके दीर्घ जीवन हेतु कार्य करें तथा इतना कह कर वे सिद्ध महात्मा चले गये।

महात्माओं की भविष्यवाणी कभी भी मिथ्या नहीं होती है यह सोचकर महर्षि मृकण्डुजी ने मृत्यु टालने हेतु समय के पूर्व ही बालक का यज्ञोपवीत संस्कार कर दिया और कहा बेटा! तुम जिस किसी भी ब्राह्मण को देखना तब विनयपूर्वक प्रणाम करना।

यं कंचिद्वीक्षसे पुत्र भ्रममाणं द्विजोत्तमम्।
तस्यावश्यं त्वयां कार्य विनयादभिवादनम्।।

ऐसा निर्देश देकर मृकण्डुजी निश्चिंत हो गये क्योंकि वे ब्राह्मणों के आशीर्वाद की शक्ति व महत्ता से भलीभाँति परिचित थे। मार्कण्डेयजी पिता की आज्ञा मानकर अभिवादन व्रत में लग गये। जो भी श्रेष्ठ जन दिखते, मार्कण्डेयजी बड़े ही भक्ति एवं विनयपूर्वक उन्हें प्रणाम करते।

इस प्रकार छः महीने बीतने में केवल 3 दिन शेष रह गये। इसी बीच तीर्थयात्रापरायण सप्तर्षिगण उधर आ निकले, वहाँ वटुवेष में मार्कण्डेयजी खड़े थे। उनका दर्शन कर मार्कण्डेयजी को बड़ा आनन्द हुआ। उन्होंने श्रद्धा भक्तिपूर्वक बड़े ही विनीत भाव से बारी - बारी सभी महर्षियों को प्रणाम किया और सबने पृथक - पृथक दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। महर्षि वसिष्ठजी ने उस बालक की ओर जब ध्यान से देखा तो वे समझ गये और सप्तर्षियों से कहने लगे, अरे! यह महान् आश्चर्य है जो हम लोगों ने इस बालक का 'दीर्घायु' होने का आशीर्वाद दे दिया क्योंकि इस बालक की तो केवल 3 दिन की ही आयु शेष रह गई है, अतः अब कोई ऐसा उपाय करना चाहिये, जिससे हम लोगों का आशीर्वाद झूठा सिद्ध न हो। हम भी जानते हैं कि विधाता का विधान भी असत्य नहीं हो सकता। अतः इस बालक के चिरंजीवी होने की कोई युक्ति निकालनी चाहिये।

सप्तर्षिगण ने परस्पर विचार कर यह निश्चय किया कि ब्रह्माजी को छोड़कर दूसरा कोई भी इस समस्या को हल नहीं कर सकता। अतः इस बालक को उनके आगे ले जाकर उन्हीं की आज्ञा से इसे चिरंजीवी बनाना चाहिये। ऐसा निर्णय करके तीर्थभ्रमण का कार्य रोककर उस ब्रह्मचारी को साथ ले वे शीघ्र ही ब्रह्लोक में जा पहुँचे। वहाँ ब्रह्माजी को प्रणाम करके वेदोक्त स्तोत्रों द्वारा उनकी स्तुति करने पश्चात् सब मुनि बैठे।

इसके बाद उस बालक ने भी ब्रह्माजी को प्रणाम किया, और ब्रह्माजी ने भी उसे दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात् ब्रह्माजी ने सप्तर्षियों से पूछा - आप लोग कहाँ से और किसलिए इस समय यहाँ आये हो और यह उत्तम व्रत धारण करने वाला बालक कौन है? सप्तर्षियों ने आने का प्रयोजन और उस बालक के सम्बन्ध में सारी घटना बताकर कहा कि प्रभु! आपने भी इस बालक को यशस्वी, विद्वान तथा दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया है। अतः अब आप और हम सब सत्यवादी बने रहें। हमारी बात झूठी न होने पाये, ऐसा कोई उपाय करें।

उनकी बात सुनकर ब्रह्माजी मुस्करा उठे और कहने लगे - 'मुनिवरों! आप लोग चिन्तित न हो। इस बालक ने अपने विनय और अभिवादन के बल पर काल को भी जीत लिया है। तब ब्रह्माजी ने विचार कर अपनी विशिष्ट शक्ति से मार्कण्डेय जी को अजर - अमर तथा जरामुक्त होने का वर प्रदान किया। ब्रह्माजी ने मार्कण्डेयजी को उनके माता - पिता के आश्रम में भेजने को कहा। सप्तर्षिगण बालक को उसके माता - पिता के आश्रम में छोड़कर तीर्थ यात्रा पर निकल गये। मार्कण्डेयजी ने सारी कथा अपने माता - पिता को बता दी तथा कहा कि अभिवादन, विनय नम्रता, शिष्टाचार, मर्यादा रक्षण से दीर्घजीवन होने का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

अभिवादन में अमीर - गरीब छोटे - बड़े का कोई भेद नहीं करना चाहिए क्योंकि अभिवादनकर्ता को इसका आनन्द - सुख उसे सदा मिलता ही है। एक प्रसंग है कि एक कम्पनी का सबसे बड़ा अधिकारी प्रतिदिन कम्पनी में आने एवं जाने पर हँसता हुआ सबको गुड बाय करता था। एक दिन कार्यालय के बन्द होने के समय लिफ्टमैन को वह अधिकारी दिखाई नहीं दिया तो उस लिफ्टमैन को चिन्ता हुई तथा वह कम्पनी के तलघर में उस अधिकारी को ढूँढने गया। वहाँ उसे वह अधिकारी अपने काम में व्यस्त दिखा तथा कार्यालय बन्द होने के समय का ज्ञान उसे न रहा। लिफ्टमैन ने उसे कहा कि सर! कार्यालय पूरा बन्द हो चुका है, आप अन्तिम व्यक्ति हैं जो कि लिफ्ट से ऊपर न आये। मुझे आपके गुड बाय की याद आयी तथा मैं यहाँ आ पहुँचा। यदि आपके गुड बाय की याद न होती तो लिफ्ट तथा पूरा कार्यालय बन्द कर घर चला जाता इस प्रकार उस अधिकारी को गुडबाय के अभिवादन ने उसे कार्यालय में बन्द होने से बचाया।

यही बात श्रीरामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जीवन में दीर्घायु -यशस्वी होने के लिए बाल्यावस्था में इसे अनुकरण करने को तथा श्रीरामजी के जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने को कहा है।

# अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता संपन्न -19 अप्रैल 2025 को फ़िर बैठक

*''इस बीच ईरान की शनिवार को अमेरिका के साथ ओमान में बातचीत हुई है। ओमान में हुई इसी बैठक को लेकर ईरान ने बड़ा बयान दिया था। विदेश मंत्री ने कहा था कि ईरान ईमानदारी से न्यूक्लियर डील को अंतिम रूप देने के इरादे से बातचीत में शामिल होने को तैयार है,लेकिन साथ ही उन्होंने साफ किया कि ये वार्ता सीधी नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष होगी,और अमेरिका को पहले ये मानना होगा कि सैन्य विकल्प कोई विकल्प नहीं हैहाल ही में अमेरिका केराष्ट्रपति ने ईरान को न्यूक्लियर डील पर बातचीत कहने को कहा था और साथ ही धमकी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ईरान को बमबारी का सामना करना पड़ेगा।ट्रंप की चेतावनी थी,बात नहीं बनी तो भुगतना होगा,अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान वार्ता का खुलासा करते हुए चेतावनी दी ''*

**वैश्विक स्तरपर चल** रही अशांति, युद्ध,बम गोला बारूद के बीच रूस-यूक्रेन इजरायल- गाजा में युद्ध व लेबनान सीरिया व यमन में अशांति के बीच एक सकारात्मक पहलू हुआ कि ओमान की राजधानी मस्कट में ईरान अमेरिका के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई, जिसे ईरान ने अप्रत्यक्ष वार्ता बताया तोअमेरिका ने प्रत्यक्ष बताया जिसकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। लंबे समय से दुश्मन रहे ईरान और अमेरिका शनिवार (12 अप्रैल, 2025) को मस्कट में संभावित परमाणु समझौते पर पहुंचने के उद्देश्य से वार्ता किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोमवार (7 अप्रैल, 2025) को चौंकाने वाली घोषणा की थी। परंतु मेरा मानना है कि दुनियाँ के हर देश को वैश्विक शांति के लिए ज़रूरत के अनुसार चार कदम पीछे हटना चाहिए व पावर दिखाने वाले देशों को भी नम्र होकर शांति समझौते करना समय की मांग है।चूँकि अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता हुई,जो 19 अप्रैल 2025 को फिर बैठने का निर्णय लिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने,कूटनीति को सद्भावना, सहयोग, मुद्दे सुलझाने के संकल्प कर सकारात्मक नतीजे के अंजाम तक लाना जरूरी है। बता दें यह पूरी जानकारी मीडिया में अपडेट्स के सहयोग से उठाई गई है।





साथियों बात अगर हम मस्कट में 12 अप्रैल 2025 को हुई वार्ता की करें तो,ईरान और अमेरिका के दूतों ने शनिवार को ओमान में तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू की। हालांकि तत्काल कोई समझौता होने की संभावना नहीं थी,लेकिन दोनों देशों के बीच आधी सदी से चली आ रही दुश्मनी के कारण बातचीत में बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। हाल के दिनों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को धमकी दे रहे हैं कि अगर वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ आम सहमति बनाने में विफल रहता है तो वह ईरान को ऐसा करने से रोकेगा।राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए तेहरान पर हमला करने की धमकी दी है, यदि समझौता नहीं हुआ,इसपर ईरान ने चेतावनी दी है कि वह हथियार स्तर के करीब संवर्धित अपने यूरेनियम भंडार के साथ परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर सकता है। ईरान ने वार्ता को अप्रत्यक्ष बताया,ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा,ये वार्ता ओमानी मेजबान द्वारा नियोजित स्थान पर होगी, जिसमें इस्लामी गणराज्य ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि हॉल और किनारों में बैठेंगे, तथा ओमानी विदेश मंत्री के माध्यम से एक-दूसरे को अपने विचार और स्थिति से अवगत कराएंगे, जबकि ट्रंप और विटकॉफ दोनों ने वार्ता को प्रत्यक्ष बताया है, ईरानी पक्ष इसे अप्रत्यक्ष वार्ता कहता है।लेकिन दोनों दलों के बीच सीधी वार्ता नहीं हो रही है।दोनों दल अलग- अलग कमरों में बैठे हैं और वे ओमान के विदेश मंत्री के जरिये वार्ता कर रहे हैं। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर दी है।

साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका वार्ता के बैकग्राउंड की करें तो,अमेरिका-ईरान के बीच तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरान की शनिवार को अमेरिका के साथ ओमान में बातचीत हुई है। ओमान में हुई इसी बैठक को लेकर ईरान ने बड़ा बयान दिया था। विदेश मंत्री ने कहा था कि ईरान ईमानदारी से न्यूक्लियर डील को अंतिम रूप देने के इरादे से बातचीत में शामिल होने को तैयार है, लेकिन साथ ही उन्होंने साफ किया कि ये वार्ता सीधी नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष होगी, और अमेरिका को पहले ये मानना होगा कि सैन्य विकल्प कोई विकल्प नहीं है,हाल ही में अमेरिका केराष्टपति ने ईरान को न्यूक्लियर डील पर बातचीत कहने को कहा था और साथ ही धमकी दी थी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ईरान को बमबारी का सामना करना पड़ेगा।ट्रंप की चेतावनी थी, बात नहीं बनी तो भुगतना होगा, अमेरिकी राष्टपति ने सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइली प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान वार्ता का खुलासा करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर बातचीत नाकाम रही, तो ईरान के लिए ये बहुत बुरा दिन होगा। ईरान के विदेश मंत्री ने वॉशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित एक लेख में लिखा है कि हमारा देश गर्वित है, और दबाव या धमकी के आगे नहीं झुकेगा, उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर ईमानदार है, तो उसे साबित करना होगा कि वह डील को निभाएगा, ईरान कभी भी परमाणु हथियारों की दिशा में नहीं बढ़ा, लेकिन हम अपनी मंशा को लेकर स्पष्टीकरण देने को तैयार हैं।


साथियों बात अगर हम ईरान अमेरिका तनाव में इजरायल की एंट्री की करें तो, ईरान अमेरिका के बीच चल रही तनातनी में अब ईजराइल ने भी एंट्री मार ली है। दरअसल इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि वह ईरान के लिए लीबिया जैसा मॉडल चाहते हैं, जहां अमेरिका खुद जाकर परमाणु स्थलों को खत्म करे, उन्होंने कहा है कि अगर अमेरिका के साथ ईरान की बात नहीं बनी, तो सैन्य कार्रवाई तय है। ईरान की दो टूक न डील खत्म करेंगे, न झुकेंगे ईरानी अधिकारियों ने बीबीसी को बताया कि वे अपने परमाणु कार्यक्रम को कभी नहीं खत्म करेंगे और लीबिया मॉडल किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि उनका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है। 2015 की डील से बाहर निकलने के बाद अमेरिका और ईरान के रिश्तों में तल्खी बढ़ती गई है। जो अभी 19 अप्रैल को देखना होगा।

साथियों बात अगर हम देर रात मीडिया में आई जानकारी के अनुसार वार्ता के नतीजे की करें तो, अमेरिका के राष्टपति के तौर पर ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर दोनों देशों के बीच हुई पहली सीधी वार्ता में इस मुद्दे पर 19 अप्रैल को और चर्चा करने पर सहमति बनी है। ईरान के विदेश मंत्री ने यह जानकारी दी। ईरान के सरकारी टेलीविजन की खबर के मुताबिक, वार्ता के अंत में अमेरिका के पश्चिम एशिया में दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री की उपस्थिति में संक्षिप्त बातचीत की। इससे दशकों से तनावपूर्ण संबंध वाले दोनों देशों के बीच सीधी वार्ता होने का संकेत मिलता है। मीडिया के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने ईरान की ओर से आ रही खबरों की तत्काल पुष्टि नहीं की है। खबरों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने ओमान के बाहरी इलाके में एक स्थान पर दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत की, दोनों देशों के बीच करीब 50 साल से जारी दुश्मनी के बीच बातचीत का महत्व और भी बढ़ गया है। बता दें बघेई ने कहा था,हम कूटनीति को एक वास्तविक और ईमानदार अवसर दे रहे हैं, ताकि बातचीत के माध्यम से हम एक ओर परमाणु मुद्दे पर आगे बढ़ सकें, और दूसरी ओर हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिबंधों को हटाया जाए। बघेई ने कहा था, देखिए, यह तो बस एक शुरुआत है। इसलिए यह स्वाभाविक है कि इस चरण में दोनों पक्ष ओमानी मध्यस्थ के माध्यम से अपनी मौलिक स्थिति प्रस्तुत करेंगे।इसलिए,हमें उम्मीद नहीं है कि वार्ता का यह दौर लंबा चलेगा। इससे पहले अराघची ने ईरानी पत्रकारों से बात की थी। एक आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी एक ऑडियो क्लिप में अराघची ने कहा,अगर दोनों पक्षों में पर्याप्त इच्छाशक्ति है, तो हम कार्यक्रम तय करेंगे। लेकिन इस बारे में बात करना अभी भी जल्दबाजी होगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विशिष्ट ना करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका ईरान के बीच मस्कट में न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर वार्ता संपन्न -19 अप्रैल 2025 को फ़िर बैठक।वार्ता को लेकर ईरान अमेरिका के अलग-अलग दावे- ईरान ने अप्रत्यक्ष वार्ता बताया तो अमेरिका ने प्रत्यक्ष बताया। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने, कूटनीति को सद्भावना, सहयोग व मुद्दे सुलझाने का संकल्प कर,सकारात्मक नतीजों के अंजाम तक लाना ज़रूरी।

(-संकलनकर्ता लेखक - क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र)

# भाजपा के पोस्टरों के पोस्टर बॉय हैं दिग्विजय




**कोई माने या न** माने लेकिन मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भाजपा के लिए आज भी हौवा बने हुए हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक का राज्यसभा में विरोध करने पर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को ''गद्दार'' बताने वाले पोस्टर प्रदेश के अनेक शहरों में लगे हुए हैं लेकिन इससे न दिग्विजय सिंह विचलित हैं और न उन्होंने अपना रुख बदला है,उलटे वे भाजपा पर और आक्रामक हो उठे हैं। उन्होंने पलटवार करते हुए भाजपा की जन्मकुंडली खोलना शुरू कर दी है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 78 साल के हो गए हैं और पिछले 54 साल से कांग्रेस के साथ काम कर रहे है। उनके साथ और बाद में आये तमाम राजे-महाराजे और खुद उनके भाई इस बीच कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए लेकिन दिग्विजय सिंह आज भी राजनीति की क्रीज पर हैं क्रीज पर हैं। 2003 में कांग्रेस के सत्ताच्युत होने के बाद उन्होंने पूरे एक दशक तक कोई चुनाव नहीं लड़ा लेकिन 2018 में प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की वापसी के बाद वे एक बार फिर कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण हो गये। दिग्विजय सिंह ने पार्टी के महासचिव के रूप मेंही नहीं बल्कि राज्य सभा सदस्य के रूप में अपनी उपस्थिति से भाजपा को परेशान करके रखा।

वक्फ बोर्ड क़ानून के मुद्दे पर खुद को गद्दार बताने पर दिग्विजय सिंह ने भाजपाइयों को ही गद्दार कह दिया। उन्होंने दावा किया कि गद्दार तो वे भाजपा कार्यकर्ता हैं जिन्होंने आईएसआई एजेंट के रूप में काम किया है।दिग्विजय सिंह ने याद दिलाया कि आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों से 2017 में जासूसी गिरोह का हिस्सा होने के आरोप में 11 लोगों को गिरफ्तार किया था।दिग्विजय सिंह पहले भी आरएसएस को लेकर अदालतों का सामना कर चुके हैं। अदालतों ने दिग्विजय को बरी कर दिया ,लेकिन वे आज भी अपने सुर बदलने को तैयार नहीं हैं। दिग्विजय के जितने विरोधी भाजपा में हैं उतने ही कांग्रेस में भी हैं किन्तु वे ऐसे अकेले कांग्रेसी नेता हैं जो आरोपों-प्रत्यारोपों से विचलित नहीं होते उलटे उनका सामना करते है। पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भर्ती ने दिग्विजय सिंह को मिस्टर बंटाधार कहा लेकिन वे मुस्कराते रहे। कांग्रेस में उनके ही विरोधियों ने उन्हेंभाजपा का एजेंट कहा लेकिन वे पीछे नहीं हटे।

आपको बता दें की वक्फ बोर्ड के नए क़ानून का विरोध करने वाले दिग्विजय सिंह अकेले नेता नहीं है लेकिन उनका विरोध भाजपा को सबसे ज्यादा खटकता है। इसी मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन कानून पर सुनवाई से पहले सात राज्यों की सरकारें सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं. महाराष्ट्र, असम, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों ने आवेदन दाखिल कर नए कानून का समर्थन किया है. इन राज्यों ने कहा है कि नया कानून पारदर्शी, न्यायपूर्ण और व्यवहारिक है. कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं का विरोध करते हुए इन सभी राज्यों ने अपना पक्ष भी सुने जाने की मांग कोर्ट से की है। इस नए क़ानून के विरोध में बंगाल सहित देश के अनेक राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं ,लेकिन निशाने पर दिग्विजय सिंह ही सबसे ज्यादा हैं।

दिग्विजय सिंह की वजह से ही कांग्रेस 2018 में प्रदेश की सत्ता में वापस आयी थी और उन्हीं की वजह से 19 महीने बाद सत्ताच्युत भी हो गयी। ऐसा कहा और माना जाता है कि दिग्विजय सिंह की वजह से ही ज्योतिरादित्य सिंदिया ने कांग्रेस का तख्ता पलट किया और भाजपा से जा मिले। राज्य सभा की इकलौती सीट इसकी वजह थी ,लेकिन दिग्विजय सिंह को पार्टी की सरकार जाने का कोई अफ़सोस शायद नहीं है। वे आज भी ज्योतिरादित्य सिंधिया को निशाने पर रखते हैं। यानी दिग्विजय सिंह का स्वभाव खामोश रहने का नहीं है। इस समय भी कांग्रेस के अध्यक्ष भले ही जीतू पटवारी हैं लेकिन चर्चा में दिग्विजय सिंह ही हैं। दिग्विजय के हमउम्र पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी उस तीव्रता के साथ भाजपा और संघ से जड्डु नहीं ले पाते जिअसे की दिग्विजय ले पाते हैं।

अपने आपको गद्दार बताये जाने पर दिग्विजय संघ प्रतिप्रश्न करते हैं कि - ''पाकिस्तान से अलग-अलग खातों में धन जुटाना, 'वॉयस ओवर' के जरिए पाकिस्तानियों से बात करना। आप उन्हें क्या कहेंगे? गद्दार? जय सिया राम ? दिग्विजय का समाना करने की हिम्मत कम ही भाजपाई जुटा पाते है। मप्र के एक मंत्री विश्वास सारंग ने जरूर कहा कि कांग्रेस नेता ने ''भगवा आतंकवाद'' शब्द गढ़ा था जो सनातन धर्म को बदनाम करता है।सारंग ने दिग्विजय सिंह के बारे में कहा,की ''उन्होंने [दिग्विजय सिंह] ने आतंकवादीअफजल को अफजल गुरु कहा, हाफिज सईद का महिमामंडन करने के लिए उसके लिए जी का इस्तेमाल किया, जाकिर नाइक जैसे विघटनकारी व्यक्तियों के सम्मान में मंच साझा किया, हमारी सेना और सैनिकों का अपमान करने के लिए बटला हाउस मुठभेड़, हवाई हमले और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए। वह हमेशा देश को तोड़ने के लिए बयान देते हैं। उन्होंने हमेशा बिना तथ्यों के आरोप लगाए।'उन्होंने दावा किया कि दिग्विजय सिंह को निशाना बनाने वाले पोस्टर जनता ने लगाए हैं, भाजपा ने नहीं।दिग्विजय सिंह भाजपा के लिए कब तक पोस्टर बॉय बने रहेंगे कहना कठिन है। लेकिन जब भी भाजपा के बनाये पोस्टर फटते हैं उनमें से दिग्विजय ही हीरो बनकर बाहर निकलते दिखाई देते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### निःशुल्क न्याय परामर्श शिविर आयोजित

**इन्दौर।** विधिक जागरूकता बढ़ाने व आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को निः शुल्क कानूनी परामर्श प्रदान कर उनकी समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा नेता राजा कोठारी, लता कैथवास के सौजन्य से अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद मालवा प्रांत उच्च न्यायालय इकाई द्वारा निःशुल्क न्याय परामर्श शिविर का आयोजन विनोबा नगर में किया गया। शिविर में विधायक महेंद्र हार्डिया, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा भी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा उपस्थित होकर अपनी समस्याएं साझा की गईं व कानूनी परामर्श प्राप्त किया गया। शिविर के आयोजन में सुनील जैन, प्रसन्ना भटनागर, अर्चना माहेश्वरी, मनुराज सिंह, मयंक वर्मा, प्राची वैष्णव एवं अश्विन उज्जैनकर का विशेष योगदान रहा।

### मंत्री सिलावट आज सांवेर क्षेत्र में करेंगे भ्रमण

**धार।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट 16 अप्रैल को सांवेर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा करेंगे। मंत्री सिलावट ग्राम पंचायत पीर कराडिया, डकाच्या और ग्राम पंचायत मांगलिया में ग्रामीणों से मुलाकात करेंगे। वे ग्राम पंचायतों में मंदिर परिसर, बावड़ी आदि में स्वच्छता अभियान में भी शामिल होंगे। इस दौरान वे विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से भी भेंट करेंगे। अपने भ्रमण के दौरान सिलावट डकाच्या स्वास्थ्य केन्द्र और मांगलिया में रेलवे ओव्हर ब्रिज का निरीक्षण भी करेंगे।

### खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

**इन्दौर।** संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग म.प्र. द्वारा 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रुपये, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 08 हजार रुपये एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 06 हजार रुपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2024 की खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई 2025 तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति के लिए आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, जिला खरगोन से प्राप्त किए जा सकते है। 31 मई 2025 के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

### जनसुनवाई में आए दिव्यांग ने किया आत्मदाह का प्रयास

**इन्दौर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में उस समय सनसनी फ़ैल गई जब वहां अपनी समस्या लेकर आएं एक दिव्यांग युवक ने पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई से परेशान खुद को जलाकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि उसे बचा लिया गया। यह दिव्यांग युवक मकान निर्माण के लिए दी गई अपनी राशि वापस नहीं मिलने से काफी परेशान था। घटना कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रथम मंजिल के कॉरिडोर में हुई जहां दिव्यांग युवक मो. समीर पिता अब्दुल रहमान ने खुद को जलाने की कोशिश की। मामले में बताया जा रहा है कि समीर अपना शिकायत आवेदन लेकर आया था उसने बताया कि उसे इंजीनियर से 9 लाख रुपए लेना है लेकिन वह लौटा नहीं रहा है। उसका कहना था कि मैं दो साल से खजराना थाना से लेकर एसपी ऑफिस तक कई चक्कर लगा चुका हूं लेकिन मेरी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। आज भी मैंने ऊपर जनसुनवाई में आने के पहले रसीद कटवाई। फिर ऊपर आया तो काफी समय हो गया, इसलिए और भी ज्यादा परेशान हो गया और साथ लाई बोतल में भरें पेट्रोल से खुद को आग लगाने की कोशिश की। इस दौरान वहां मौजूद लोगों और मीडियाकर्मियों ने उसे रोका तो वह बमुश्किल माना। उसने आवेदन में किसी जावेद हुसैन नामक इंजीनियर पर पैसों के लिए प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। घटना के बाद अधिकारियों ने उसे आश्वस्त किया कि वे पूरा मामला समझकर उसे सहयोग करेंगे।

### नरवाई जलाने रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश

**इन्दौर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने इन्दौर जिले में फसलों के अवशेष (नरवाई) को जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा समय-समय पर प्रदेश में फसलों विशेषतः गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाये जाने संबंधी जारी प्रतिबंधित निर्देश के परिपालन में जारी किये गये है। इन्दौर जिले के अंतर्गत फसल अवशेषों (नरवाई) रोकथाम, पर्यावरण सुरक्षा, आमजन एवं जीव जन्तुओं की जीवन सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।

# न्यूनतम शुल्क में अधिकतम उपचार सुविधाएं देना मानवता की है सच्ची सेवा : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने जीवन मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का वर्चुअली लोकार्पण कर किया शुभारंभ



**बडवानी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर की सेवा से ही नारायण मिलते हैं। गरीबों की सेवा ही ईश्वर की आराधना है। न्यूनतम शुल्क में अधिकतम उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा से हॉस्पिटल का निर्माण मानवता की सच्ची सेवा की ओर बढ़ाया गया एक सराहनीय कदम है। हॉस्पिटल संचालक बधाई और साधुवाद के पात्र हैं कि उन्होंने यह पुनीत कार्य प्रारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय से एक निजी अस्पताल के शुभारंभ कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लांबाखेड़ा स्थित जीवन मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर का वर्चुअली लोकार्पण कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल संचालक डॉ. अनिल मीणा ने अपने पिताजी स्व. श्री जीवन सिंह मीणा की स्मृति में 100 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण कर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य उपचार की निकटतम सुविधा प्रदान की है। यह अस्पताल लांबाखेड़ा और आसपास के 100 गावों के लिए एक महत्वपूर्ण चिकित्सा केंद्र होगा, जहां एक ही छत के नीचे मरीजों को सभी प्रकार की इमरजेंसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण और गरीब जनता को न्यूनतम शुल्क में इलाज की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हॉस्पिटल संचालक और उनके पूरे परिवार को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. मीणा ने अपने स्व. पिता के सपने को साकार कर दिया। इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के बड़े आपरेशन की सुविधा, पेट से संबंधित रोग, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, सभी प्रकार के कैंसर रोगों का इलाज, पथरी, हड्डी रोग का इलाज किया जाएगा। जले हुए मरीज के इलाज के लिए विशेष सुविधा भी यहां उपलब्ध है। गरीबी रेखा में आने वाले मरीजों को यहां इलाज में विशेष छूट दी जाएगी। इस अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी एम्बुलेंस की सुविधा सहित यहां मेडिकल एवं सर्जीकल आईसीयू भी उपलब्ध है। मंत्रालय में हुए वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित थे। लांबाखेड़ा में हुए लोकार्पण समारोह में विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक विष्णु खत्री, पूर्व मंत्री राम निवास रावत, तीरथ सिंह मीणा, ओम जैन, वीरेंद्र मारण गोलू, लीलेंद्र मारण, लालसिंह मीणा, डॉ. अकील खान, डॉ. आनंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।


### गरीबों का इलाज कर उनकी सेवा करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हॉस्पिटल, मंदिर होते हैं। यहां गंभीर मरीजों को पुनः जीवन पाने की उम्मीद प्रबल हो जाती है। इलाज करने वाले डॉक्टर्स भगवान का स्वरूप होते हैं। उन्होंने हॉस्पिटल संचालकों से कहा कि वे समर्पित होकर गरीबों का इलाज कर उनकी सेवा करें और ईश्वर का ढेर सारा आशीष पाएं।

## आईएएस हिमांशु प्रजापति ने एमपीआईडीसी इंदौर का चार्ज लिया

**इन्दौर।** वर्ष 2019 बैच के आईएएस अधिकारी हिमांशु प्रजापति ने आज एमपीआईडीसी इंदौर के कार्यकारी संचालक का पदभार ग्रहण कर लिया या। उन्होंने एमपीआईडीसी के अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर उनकी बैठक लेकर विभागीय कार्यों की जानकारी ली।

## प्रधानाध्यापकों की लीडरशिप ट्रेनिंग में आया सांप, मच गई अफरातफरी



**इन्दौर**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बिजलीपुर में आयोजित एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चालू सत्र में एक 7 फीट लंबा सांप ट्रेनिंग कक्ष में निकल आया। बताया जा रहा है कि सांप छत से पहले सीलिंग फैन पर गिरा और फिर वहां से ट्यूब लाइट से लिपटकर आगे बढ़ता रहा। जिसे संस्थान के प्यून ने पकड़कर जंगल में छोड़ा। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी अनुसार दोपहर संस्थान के सभागार में करीब 12.30 बजे के जब प्रधानाध्यापकों की लीडरशिप ट्रेनिंग चल रही थी। जिसमें 50 से ज्यादा प्रधानाध्यापक मौजूद थे। तभी वहां एक 7 फीट लंबा सांप अचानक छत से गिरा और पंखे पर लटक गया सांप को इस तरह लटके देख वहां अफरा-तफरी मच गई। सभागार में मौजूद लोग कुछ समझ पाते इसके पहले ही सांप दीवार पर लगी ट्यूब लाइट से लिपट गया और इलेक्ट्रिक वायर के पाइप से दूसरी ट्यूब लाइट तक पहुंच गया। अफरातफरी के इस माहौल में संस्थान के स्टाफ ने लोगों को शांत किया और कहा कि आप घबराए नहीं यह घना इलाका है जिसके चलते सांप निकलते रहते हैं। मौजूद प्रधानाध्याकों ने जब सांप पकड़ने वाले को बुलाने का कहा तो स्टाफ का कहना था कि अभी प्यून द्वारा इसे पकड़कर छोड़ दिया जाएगा उसके बाद प्यून ने उसे बड़ी मशक्कत के बाद पकड़ जंगल पहुंचाया।

# प्रदेश के हर क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के लिए सरकार प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक



**भोपाल/इन्दौर**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में ग्वालियर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण योजना की गहन समीक्षा की उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने जय आरोग्य अस्पताल, ग्वालियर में सीटीवीएस (कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी) विभाग के आवश्यक पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने और अस्पताल भवन के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बैठक में ग्वालियर क्षेत्र के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के अधोसंरचना विकास, मैन पॉवर, उपकरण उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक व्यवस्थाओं के उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टॉफ की पर्याप्त नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत सांवेर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों के उन्नयन के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, आयुक्त तरुण राठी, तथा संचालक नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# हिमांशु प्रजापति ने एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक का पदभार ग्रहण किया



**इन्दौर**

वर्ष 2019 बैच के आईएएस अधिकारी हिमांशु प्रजापति ने आज एमपीआईडीसी (मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम) इन्दौर के कार्यकारी संचालक का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने एमपीआईडीसी के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की जानकारी ली।

## इंदौर में नक्शे के विपरीत बन रहा था मकानः एक प्लॉट पर हो रहे थे दो निर्माण, शिकायत के बाद निगम ने जेसीबी से तोड़ा

**इंदौर**

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को नक्शे के विपरीत बन रहे एक निर्माणाधिन मकान को तोड़ने की कार्रवाई की। दरअसल, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। भवन अधिकारी शिवराज यादव ने बताया कि जोन 22 वार्ड 36 में प्लाट नंबर 238 गोयल एवेन्यू पर किशोर पाटीदार द्वारा स्वीकृत नक्शे के विपरीत एक प्लॉट पर दो मकान बनाए जा रहे थे। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय रहवासियों ने आयुक्त से जनसुनवाई में की थी। शिकायत पर आयुक्त ने क्षेत्रीय भवन अधिकारी को कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके चलते संबंधित व्यक्ति को



नोटिस भी जारी किया गया था। नोटिस के बाद भी निर्माण का काम नहीं रोका गया तो नगर निगम की टीम ने आज रिमूवल की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान प्रभारी अपर आयुक्त लता अग्रवाल, भवन अधिकारी शिवराज यादव, भवन निरीक्षक हिमांशु ताम्रकार, रिमूवल अधिकारी बबलू कल्याणे अन्य निगमकर्मी व पुलिस का अमला मौजूद रहा।

## दिल्ली की महिला अकाउंटेंट से इंदौर में मारपीट, ऑनलाइन दोस्त ने शादी के लिए धर्म परिवर्तन और नमाज़ पढ़ने का दबाव बनाया, केस दर्ज

**बडवानी**

इंदौर के खजराना इलाके में दिल्ली से आई एक महिला अकाउंटेंट के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला यहां अपने ऑनलाइन दोस्त का असली नाम और पारिवारिक स्थिति जानने के लिए पहुंची थी। जब उसे युवक के शादीशुदा होने की जानकारी मिली तो विवाद बढ़ गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक, उसकी पत्नी, भाभी और मां के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने खजराना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह दिल्ली में अकाउंटेंट का कार्य करती है और पति से अलग रह रही है। कुछ समय पहले उसकी दोस्ती टैंगो लाइव ऐप के ज़रिए एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम रिची बताया था। दोनों के बीच करीब छह महीने तक बातचीत होती रही। युवक ने शादी का प्रस्ताव भी दिया, लेकिन हर बार टालता रहा। हाल ही में महिला को युवक का ड्राइविंग लाइसेंस मिला, जिस पर उसका असली नाम फैजान खान लिखा था। इसके बाद महिला दिल्ली से इंदौर आकर लाइसेंस में दर्ज पते के अनुसार खजराना की हाजी कॉलोनी पहुंची।

## तेज रफ्तार कार ने पिता-पुत्री को रौंदाः घर के बाहर गोद में बैठी 1 साल की मासूम की मौके पर मौत, पिता ने अस्पताल में दम तोड़ा

**इंदौर**

इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र स्थित ग्राम घोसीखेड़ा में सोमवार रात घर के बाहर बैठे एक पिता और उसकी एक साल की मासूम बेटी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल पिता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि कार चालक नशे की हालत में था। सिमरोल पुलिस के अनुसार, हादसा रात करीब 8:30 बजे हुआ। 45 वर्षीय अज्जू उर्फ अहमद शेख अपनी एक साल की बेटी



मरियम को गोद में लेकर घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में मरियम कुछ दूरी पर जा गिरी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल अज्जू को ग्रामीणों की मदद से निजी अस्पताल की एम्बुलेंस द्वारा एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि टक्कर के बाद जोरदार आवाज आई। जब लोग बाहर निकले, तो पिता-बेटी सड़क पर अलग-अलग गिरे पड़े थे। हादसे के समय अज्जू अपनी बेटी को गोद में लेकर खेला रहे थे। स्थानीय लोगों ने पीछा कर कार को पकड़ लिया, लेकिन ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, कार इंदौर की रजिस्टर्ड है और ड्राइवर की तलाश जारी है। रिजनों ने बताया कि अज्जू खेती-किसानी से जुड़े काम करते थे। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं।

## आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 5 अपराधियों के विरूद्ध की गई जिलाबदर की कार्रवाई

**धार**

इन्दौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिले के ग्रामीण थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 5 अपराधियों के विरूद्ध जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने इन अपराधियों को 6 माह के लिये किया जिलाबदर कर दिया गया है। जिन अपराधियों को जिलाबदर किया गया है उनमें महू थाना क्षेत्र के कपिल उर्फ काशी तिजोरी पिता स्व. राजू वर्मा निवासी राजमोहल्ला महू, खुड़ैल थाना क्षेत्र के मोनू उर्फ अभिषेक पिता मुकेश खत्री और विवेक उर्फ अक्कु पिता मुकेश खत्री दोनों निवासी ग्राम सातमील असरावद बुजुर्ग रोड तथा बेटमा थाना क्षेत्र के राजुनाथ पिता बालुनाथ निवासी ग्राम माचल और अर्जुन पिता आत्माराम परमार निवासी कालीबिल्लौद शामिल हैं। ये अपराधी कई वर्षों से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। इनके विरूद्ध आमजनों को अश्लील गालियां देने, मारपीट करने, अवैध वसूली करने, अवैध हथियार रखने, लूटपाट करने जैसे कई

## अग्रवाल महिला प्रकोष्ठ द्वारा झुग्गी बस्तियों और कामकाजी महिलाओं की 21 बेटियों को 10 वर्ष तक शिक्षा के लिए गोद लेने का संकल्प



**इन्दौर**

महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज ने अपने 'सुगंधा शक्ति' सेवा प्रकल्प के माध्यम से बस्तियों में रहने वाली और घरों में काम करने वाली महिलाओं की 21 बेटियों को उनकी अगले 10 वर्ष तक की शिक्षा के लिए गोद लेने के साथ ही समाज की महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु अक्टूबर माह में म.प्र. वूमन उद्योग फेस्टिवल आयोजित करने का अभिनव संकल्प लिया है। 'सुगंधा शक्ति ' प्रोजेक्ट में प्रकोष्ठ की सखियां महाराजा अग्रसेन के 'एक रुपया एक ईंट सिद्धांत' के अनुरूप प्रतिदिन एक रुपया का सहयोग प्रदान कर पूरे वर्ष के 365 रुपए का अतिरिक्त सहयोग प्रदान करेंगी। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल एवं विष्णु बिंदल के मार्गदर्शन में स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर प्रकोष्ठ की की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उक्त निर्णय लिए गए। महिला प्रकोष्ठ अग्रवाल समाज की साधारण सभा मंगलवार दोपहर को अग्रसेन भवन पर संपन्न हुई, जिसमें प्रकोष्ठ से जुड़ी करीब 150 सखियों ने अपनी उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज कराई। दरअसल, म.प्र. वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष

## बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ भोपालः एडवांस्ड तकनीकों और किफायती केयर के साथ दंपतियों के सपनों को दे रहा उड़ान

**भोपाल**

बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ भोपाल में फर्टिलिटी केयर को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. सोनल चौकसे, आईवीएफ विशेषज्ञ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ भोपाल ने बताया कि सेंटर व्यक्तिगत फर्टिलिटी समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है जो प्रभावी और भावनात्मक रूप से सहायक होते हैं। टीम यह सुनिश्चित करती है कि इलाज और कीमतें पारदर्शी हों और हर दंपती की चिकित्सा और भावनात्मक ज़रूरतों को समझा जाए। भोपाल सेंटर फर्टिलिटी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहा है। यहां पर नियमित फर्टिलिटी जागरूकता कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य दंपतियों और व्यक्तियों को



प्रजनन देखभाल को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षित करना है। इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के माध्यम से सेंटर विश्वसनीय जानकारी साझा करता है, ताकि आम मिथकों को दूर किया जा सके और प्रजनन देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। सेंटर का उद्देश्य यह है कि समाज में फर्टिलिटी पर बातचीत को सामान्य बनाकर समय पर चिकित्सा सहायता को प्रोत्साहित किया जाए।

पेपर, विज्ञापन, समाचार, एजेंसी हेतु संपर्क करें आपके अपने क्षेत्र के लिए

संभागीय ब्यूरो चीफ
महेश सिनकर इंदौर कार्यालय
दिलीप शुक्ला
ब्यूरो चीफ बड़वानी
श्रीकांत त्रिपाठी
क्राइम रिपोर्टर बड़वानी

न्यूज ब्रीफ

### महिला स्वाधार गृह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**राजगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा आमजनों व विभिन्न वर्ग के विधिक अधिकारों के संरक्षण व कल्याण हेतु संचालित की गईं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष राजीव म. आप्टे के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ के नेतृत्व में राजगढ़ नगर में विभिन्न हिंसाओं से पीड़ित महिलाओं के आश्रय हेतु संचालित गोपाल महिला स्वाधार गृह में व्यवहार न्यायाधीश स्वाति भार्गव के मुख्य आतिथ्य में महिलाओं हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उददेश्य से एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता एवं साक्षरता कायक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित पीड़ित महिलाओं को उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु उचित विधिक सलाह प्रदान की गई।

### कंट्रोल रूम राजगढ़ में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**राजगढ़।** यह कार्यक्रम देव दत्त न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राजगढ़ के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान देव दत्त द्वारा नवीनतम कानूनों से संबंधित विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आलोक श्रीवास्तव, जिला अभियोजन अधिकारी एवं निरीक्षक नेहा शर्मा, थाना प्रभारी, महिला थाना द्वारा भी महत्त्वपूर्ण कानूनी बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी थानों से आए पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारीगण सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन पुलिस अधीक्षक राजगढ़ आदित्य मिश्रा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

### जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं



**राजगढ़।** जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 15 अप्रैल को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम काशीखेड़ी निवासी आभा चौबे ने बताया कि आवेदिका की कृषि भूमि बायपास निर्माण कार्य के अंतर्गत अधिग्रहित कर ली गई है एवं उक्त भूमि का मुआवजा तय कर दिया गया था। परन्तु आवेदिका को मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई है। कलेक्टर द्वारा एसडीएम खिलचीपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जनसुनवाई में ग्राम नालबंदी निवासी भारत सिंह ने बताया कि आवेदक की कृषि युक्त भूमि पर अनावेदकों द्वारा कब्जा कर रात्रि में कुआं खुदावा दिया गया है। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्यावरा को निर्देशित किया गया। ग्राम तलेन निवासी विक्रम सिंह ने बताया कि आवेदक की आर्थिक स्थित ठीक नहीं होने के कारण प्रार्थी अपने पुत्री का इलाज कराने में असमर्थ है। कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम खानपुरा निवासी शिवनारायण ने बताया कि आवेदक को पी.एम आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक द्वारा कई बार आवेदन भी किए गए हैं। कलेक्टर द्वारा सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया गया। ग्राम गोरिया खेड़ा निवासी रतनबाई ने बताया कि

# टीकमगढ़ में महेंद्र सागर तालाब की अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर बनाया जायेगा सिटी फॉरेस्ट

## तहसीलदार अरविंद यादव के नेतृत्व में हटाया गया 8 एकड़ का अतिक्रमण

## टीएल की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश




बल्देवगढ़/टीकमगढ़

टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि महेंद्र सागर तालाब की अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर सिटी फॉरेस्ट विकसित किया जाये। उन्होंने कहा कि इसके लिये नगर पालिका तथा वन विभाग मिलकर कार्य करेंगे। इस दौरान उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा सभी विभागों को लक्ष्य अनुसार प्रगति लाने के निर्देश दिये।साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विभाग माइक्रो लेवल पर कार्य योजना बनाकर अग्रिम कार्यवाही समय अनुसार कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना अंतर्गत बाग-बगीचों का सुधार, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था, जल संग्रहण संरचनाओं को स्वच्छ करना, हरित क्षेत्र विकसित करना, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित करने सहित जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य किये जायें। बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने निर्देशित किया कि घर और सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किये जा रहे पानी के अपव्यय को रोकें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले के सभी स्कूलों में पानी की टंकी आगामी 7 दिवस में साफ करायें और पेयजल की व्यवस्था उत्तम करायें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि टीकमगढ़ जिले के तालाबों और पानी चैनलों के अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करें। समग्र आधार ई केवाईसी की समीक्षा के दौरान उन्होंने निकायवार कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कृषकों को खेतों में नरवाई न जलाने हेतु जागरुक करें और बतायें कि नरवाई जलाने से खेतों के सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं जो हानिकारक है। साथ ही कृषकों को बतायें कि नरवाई जलाने पर शासन द्वारा अर्थदण्ड लगाया जायेगा। श्रोत्रिय ने गांव में रोजगार-पलायन पर वार अभियान अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि हमारी प्राथमिकता पलायन को रोकना है। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम के व्यक्ति जिन्हें काम करने की इच्छा हो उन्हें ग्राम में ही रोजगार प्रदान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्माणाधीन विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर समय पर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, उच्च न्यायालयों में लंबित कंटेम्प्ट प्रकरणों, सीएम कार्यालय, सीएम मोनीट से लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीएस चौहान, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, डीपीसी आरपी त्रिपाठी, डीडी विटनरी डॉ. आरके जैन, पीओ डूडा शिवि उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ. ऋतुता चौहान, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी रामबाबू गुप्ता, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महापौर ने कुम्हार मोहल्ला में डामरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**गुणवत्ता के साथ डामरीकरण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**



कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा नगरीय निकायों की आंतरिक सड़कों का सुदृढ़ीकरण कर नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के बजट से सड़कों के रख-रखाव के लिए कायाकल्प अभियान शुरू कर नगरीय निकायों को राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। कायाकल्प अभियान के तहत नगर निगम सीमांतर्गत सड़कों के रख रखाव हेतु विभिन्न कार्य कराए जा रहे रहे हैं। जिसके तहत इमलिया रोड से बाबा नारायण शाह गेट तक 89 लाख रुपए की लागत से दो हिस्सों में निर्मित होने वाली लगभग 2.3.किलोमीटर सड़क डामरीकरण कार्य का महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शनिवार को विश्राम बाबा वार्ड के कुम्हार मोहल्ला पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, पार्षद ईश्वर बहरानी सहित स्थानीय नागरिकों की विशेष मौजूदगी रही। महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा पैदल चलकर कुम्हार मोहल्ला में कराए जा रहे डामरीकरण कार्य का जायजा लिया जाकर निर्माण कार्य के दौरान जल भराव की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। महापौर सूरी ने स्थल पर उपस्थित क्षेत्रीय उपयंत्री एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### क्षेत्रीय रहवासियों में हर्ष व्याप्त

डामरीकरण कार्य का जायजा लेने पहुंची महापौर सूरी ने स्थानीय रहवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान रहवासियों में सड़क की सौगात मिलने की खुशी स्पष्ट झलक रही थी। संवाद के दौरान किरण प्रजापति, रूपा प्रजापति एवं मदन लाल कोरी द्वारा महापौर को सड़क निर्माण हेतु धन्यवाद प्रेषित किया। महापौर सूरी ने बताया कि कायाकल्प अभियान के तहत मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग के निर्माण होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिली थी। वही अब इमलिया रोड से बाबा नारायण शाह गेट तक सड़क निर्माण हो जाने से नागरिकों का आवागमन सुलभ होगा। वर्तमान में यह रोड लगभग 1.7 किलोमीटर की बनकर तैयार भी हो चुकी है। कायाकल्प योजना के तहत इस वृहद सड़क निर्माण हेतु महापौर सूरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री

## ग्राम पंचायत पहाड़ी में 17 को होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

**जनता के बीच पहुंच कर समस्याएं जानने और निराकरण की कलेक्टर की अभिनव पहल**

कटनी

विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत पहाड़ी में गुरुवार 17 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख- दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम



गुरुवार 17 अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां में गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

## जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अपेंटिसशिप मेला का आयोजन आज

सिवनी

कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से दिनांक 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे राम रमन प्राईवेट आई. टी. आई., होम गार्डस ऑफिस के सामने सिवनी जिला सिवनी में तक युवा संगम



कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। नियोजको द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होवें। उन्होंने बताया कि आयोजित स्वरोजगार मेले में किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## कलेक्टर ने किया टिकरवारा-हिरदेनगर पुल का निरीक्षण

मंडला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बंजर नदी पर निर्माणाधीन टिकरवारा से हिरदेनगर को जोड़ने वाले पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम के दौरान भीड़ को देखते हुए पुल के दोनों ओर बेरीकेटिंग कराएं। यहां से वाहनों का यातायात बंद कराएं, केवल पैदल जाने वालों के लिए मार्ग को खुला रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि पुल से टिकरवारा की ओर बनी एप्रोच रोड के साईड में पर्याप्त साईड फिलिंग कराएं।

## युवा कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव, हजारों की संख्या में मौजूद रहे कार्यकर्ता व पदाधिकारी

अनूपपुर

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ 9 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर पहुंचे और जिले में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के संबंध में 7 बिंदुओं का एक ज्ञापन कलेक्टर अनूपपुर को सौंपा गया था और ज्ञापन सौंप 3 दिवस का अल्टीमेटम दिया गया था। जिसपर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने कांग्रेस प्रदेश महासचिव विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना, प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस मितेंद्र दर्शन सिंह यादव की अगुवाई दिनांक 15 अप्रैल 2025 को कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया, जहां हजारों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी अनुसार युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान द्वारा पूर्व में अनूपपुर जिले के नवगठित नगर परिषद बनगवां, डोला, डूमरकछार में हुये फर्जी संविलियन भर्ती घोटाला, बढ़ते अवैध उत्खनन, रेत ठेकेदारों की मनमानी एवं पेशा एक्ट को पालन न करना, बढ़ती अवैध शराब बिक्री एवं गांव-गांव पैकारी, जिले भर में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, जिला मुख्यालय अनूपपुर धीमी गति से निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज, एस.ई.सी.एल. में ठेका कम्पनियों एवं जे.एम.एस. जैसे निजी कोयला खदानों की मनमानी भूमि स्वामियों को उचित मुआवजा न देना, भूमि अधिग्रहित किये बिना कोयला खनन् करना, स्थानीय युवाओं को रोजगार न देना, अनूपपुर जिले में नल-जल योजना में हो रहे भारी भ्रष्ठाचार पर रोक एवं उसकी जांच, आजादी के इतने साल बाद कथित अमृतकाल के दौर में भी जिले के कई गावों का विद्युतविहीन होने जैसे समस्त मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन सौंप 3 दिवस का अल्टीमेटम भी दिया गया था,

## जिला प्रशासन छतरपुर की डीपीएस, क्रिश्चियन, शीलिंग होम, सुमति एकेडमी, एडिफाई एवं डीसेंट स्कूल के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

छतरपुर

जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब तथ्यविहीन के अलावा समाधानकारक नही पाया गया कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल द्वारा नवीन सत्र 2025-26 प्रारंभ होने के परिपेक्ष्य में एवं अभिभावकों से अशासकीय विद्यालयों द्वारा पुस्तकें, गणवेश व अन्य शैक्षिक सामग्री के अनुचित एवं अधिक कीमत वसूलने के संबंध में समय-समय पर प्राप्त शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुये तीन सदस्यीय ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया था। उक्त समिति द्वारा विगत दिनों किए गए निरीक्षण की रिपोर्ट जिला स्तरीय समिति को भेजी गई थी। जिसके आधार पर कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा अशासकीय डीपीएस, क्रिश्चियन, शीलिंग होम, सुमति एकेडमी, एडिफाई एवं डीसेंट स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव तलब किया गया था। सभी स्कूलों द्वारा उक्त नोटिस के प्रस्तुत किए गए जवाब का प्रतिवाद का पुनर्परीक्षण विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ईशानगर से कराया गया, परीक्षणोपरांत अधिकारी द्वारा नस्ती में प्रतिवेदित किया गया कि उक्त स्कूल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवाद तथ्यविहीन होने के कारण समाधानकारक नही है। साथ ही लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. के दिनांक 15 सितम्बर 2022 को जारी आदेश के निर्देशों का भी पालन नही किया गया। म.प्र. राजपत्र (असाधरण) प्राधिकारी से प्रकाशित स्कूल शिक्षा विभाग के 28 दिसम्बर 2021 की कण्डिका 05 के अनुसार मान्यता (संशोधन) नियम 2017 के नियम 11 में, उप नियम (2) में संशोधित कर निहित प्रावधानानुसार संबंधित स्कूलों को भविष्य के लिए सचेत करते हुए प्रति स्कूल कुल राशि 1-1 लाख रूपए वसूली किए जाने की शास्ति अधिरोपित की जाती है।

## उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया जाए किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो कलेक्टर

राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि गेहूं उपार्जन केंद्रों का नोडल अधिकारियों एवं संबंधित क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जाए। नोडल अधिकारी उपार्जन केन्द्रों की भ्रमण रिपोर्ट नियमित प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी उपार्जन केन्द्र पर किसानों को तुलाई अथवा अन्य प्रकार की कोई असुविधा न हो इस बात का ध्यान रखा जाए। सभी उपार्जन केन्द्रों पर बारदानों की पर्याप्त




उपलब्धता रहे, किन्तु यह ध्यान रख जाए की किसानों के घरों पर बारदाने न दिए जाएं। मंगलवार को आयोजित जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर छाया एवं पानी के इंतजाम सुनिश्चित किए जाए। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की तस्दीक के लिए कोई एक पहचान पत्र देखा जा सकता है, अधिक पहचान पत्रों की मांग न की जाए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ खण्ड स्तरीय अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के लिए ड्यूटी लगाएं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय अधिकारियों को भी उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के लिए भेजा जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने वेयर हाऊसेस की रिक्तता की स्थिति एवं परिवहन व्यवस्था की भी समीक्षा की। इस दौरान जिला उपार्जन समिति के अधिकारी मौजूद थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 16 अप्रैल को बांकुड़ में

सारनी

मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा सीएसआर योजना के अंतर्गत 16 अप्रैल को ग्राम बांकुड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कंपनी के चिकित्सालय और मुख्य कार्य अभियंता (उत्पादन) के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में ग्रामवासियों को मुफ्त रक्त परीक्षण शुगर, मलेरिया जांच, पीएफटी सहित अन्य आवश्यक परीक्षण की सुविधा मिलेगी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय रघुवंशी ने बताया कि शिविर में बीपी, बुखार, खांसी, घुटनों में दर्द, सांस फूलना, पेट संबंधी बीमारियां और अन्य सामान्य एवं विशेष रोगों की जांच की जाएगी। साथ ही, रोग की प्रकृति के अनुसार निःशुल्क औषधियां भी वितरित की जाएंगी।

## भटकी 7 वर्षीय बालिका को तलाश कर 100 डायल ने परिजन से मिलाया

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र न्यू कटनी जंक्शन प्रेम नगर में तिलक कॉलेज के पास एक 07 वर्षीय बालिका मिली है, जो अपने बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दे पा रही हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनांक 14-04-2025 को रात्रि 08:30 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल न्यू कटनी जंक्शन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक माधव साहु




पायलेट इन्द्रपाल सिंह ने मौके पर पहुंचकर बालिका को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के क्षेत्र में बालिका के बारे में पूछताछ की, डायल-112/100 को जानकारी प्राप्त हुई कि बालिका एस्सार पेट्रोल पंप के पास रहती है। एफआरवी स्टाफ बालिका को अपने साथ लेकर एस्सार पेट्रोल पंप के पास पहुंचे एवं सत्यापन उपरांत बालिका अनन्या केवट को उसकी माता जी दुर्गे केवट के सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका घर से निकल कर रास्ता भटक कर दो किलो मीटर दूर पहुँच गयी थ ।

# फसल कटाई के बाद खेतो मे नरवाई जालने पर होगी कार्यवाही

## कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध

सिंगरौली



फसलों की नरवाई में आग लगाना कृषि के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटनाएं घटित होने की आशंका रहती है। साथ ही कानून व्यवस्था के लिए भी विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है। अतएव सम्पूर्ण सिंगरौली जिले में नरवाई जलाने पर रोक लगाई जाना आवश्यक प्रतीत होने पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री चन्द्र शेखर शुक्ल के द्वारा सम्पूर्ण सिंगरौली जिलें में फसल कटाई के पश्चात खेतो में नरवाई जालने पर प्रतिबंध लगाते हुये आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश मे उल्लेख है कि फसल की नरवाई एवं पैरा जलाने से प्रथम दृष्ट्या निम्नलिखित नुकसान होने से जनहित में पर रोक लगाई जाना आवश्यक एवं वांछनीय प्रतीत होता है जिसमें खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जन, धन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जंतु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक नुकसान होता है।साथ ही खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं. जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनै-शनै घट रही है और उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि खेत में पड़ा कचरा भूसा, डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं। जिसे जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।उपरोक्त परिस्थितियों में सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं पर्यावरण की हानि रोकने तथा लोक व्यवस्या बनाये रखने कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत सम्पूर्ण सिंगरौली जिले की सीमा में फसलों के डंठलों (नरबाई) में आग लगाया जाना प्रतिबंधित किया गया हैं। यह आदेश सम्पूर्ण सिंगरौली जिले के सीमा क्षेत्र में 11 अप्रैल 2025 से 10 जून 2025 तक तक प्रभावशील रहेगा।चूंकि यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित है और वर्तमान परिस्थितियों में सूचना की तामीली सम्यक समय में प्रत्येक व्यक्ति को किया जाना एवं सुनवाई किया जाना संभव नहीं है, अतः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 की उपधारा (2) के अंतर्गत यह आदेश एकपक्षीय रूप से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा पारित किया गया है।

# वार्डनों की नियुक्ति अधर में: वर्षों से जमीं पुरानी वार्डनों पर ही मेहरबानी क्यों?

अनवर खान/ फतवा




मण्डला। जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों में वार्डन पद पर नियुक्तियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी /डीपीसी समग्र शिक्षा (सेंके.एजू.) विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। वर्षों से एक ही स्थान पर जमीं पुरानी वार्डनों की सेवा निरंतर जारी है, जबकि छह महीने पूर्व ही नई वार्डनों की नियुक्ति के आदेश जारी किए जा चुके हैं। लेकिन इन आदेशों पर अमल नहीं होने से योग्य शिक्षिकाओं में असंतोष है। समग्र शिक्षा अभियान (सेकंडरी एजुकेशन) के तहत इन छात्रावासों के लिए वार्डन पद हेतु जुलाई 2024 में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी विज्ञापन में स्पष्ट किया गया था कि यदि उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षिकाएं उपलब्ध नहीं हैं, तो माध्यमिक या प्राथमिक स्तर की शिक्षिकाओं को यह दायित्व सौंपा जा सकता है। इसके बावजूद चयनित शिक्षिकाओं को न तो सूचना दी गई और न ही उन्हें पदस्थ किया गया।

19 जुलाई 2024 अंतिम तिथि तक दर्जनों योग्य शिक्षिकाओं ने आवेदन प्रस्तुत किए, लेकिन अप्रैल 2025 तक प्रक्रिया ठप पड़ी है। इस देरी से छात्रावासों की व्यवस्था प्रभावित हो रही है और छात्राओं की सुरक्षा व देखरेख पर भी असर पड़ रहा है। वहीं, पुरानी वार्डनों को हटाने में विभाग की अनिच्छा ने पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। विभाग की निष्क्रियता और चुप्पी से यह प्रतीत होता है कि या तो कोई स्पष्ट नीति नहीं है या फिर कुछ वार्डनों को जानबूझकर लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिससे योग्य उम्मीदवारों में निराशा व्याप्त है और वे स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं, छात्रावासों में अनुशासन और निगरानी व्यवस्था कमजोर हो रही है, जो छात्राओं की शिक्षा और विकास में बाधा बन सकती है।

अब एक बार फिर विभाग द्वारा पुनः नए सिरे से आवेदन मांगे गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। यह स्थिति दर्शाती है कि नियुक्ति प्रक्रिया एक वर्ष से केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित रह गई है। सवाल यह है कि क्या अब भी नियुक्तियां होंगी या फिर वही पुरानी लटकाने की नीति जारी रहेगी? समग्र शिक्षा अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षित, संरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण देना है। परंतु विभागीय लापरवाही इस उद्देश्य को कमजोर बना रही है। अब आवश्यक है कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग इस गंभीर विषय को प्राथमिकता दें और पात्र शिक्षिकाओं को नियुक्त कर छात्रावासों में व्यावसायिक, सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण सुनिश्चित करें।

# आज बंधेगे शादी के बंधन में 1155 जोड़े सामूहिक विवाह के माध्यम से

## मुख्यमंत्री टिकरवारा से बहनों के खाते में डालेंगे रकम

मंडला



जिले में होने जा रहा है भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम टिकरवारा में आयोजित हो रहा है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस वृहद आयोजन में 1155 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन हो रहा है। यही से मुख्ममंत्री लाडली बहनों के खाते में रकम डालेंगे साथ ही 232करोड़ की राशि का भूमि पूजन एवम् लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण हो चुकी है हेलीपेड, ग्रीनरूम, ग्राम ग्वारा से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मरम्मत दोपहर तक पूर्ण करें। बैठक में उन्होंने ग्राम लिमरूआ में वर पक्ष के रूकने, ग्राम हिरदेनगर में वधु पक्ष के रूकने के साथ-साथ पार्किंग, ट्राफिक क्लीयरेंस, आमजन की बैठक व्यवस्था, मंच, मंच के मिनिट-टू-मिनिट कार्यक्रम, भोजन, पेयजल, मेडीकल टीम, एम्बूलेंस, बेरीकेटिंग, हेलीपेड में स्वागत, कन्यापूजन, साउंड सर्विस, हितलाभ वितरण, जोड़ों के विवाह कार्यक्रम आदि की अंतिम तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शिवकुमार वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सोनाली देव, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर, एसडीएम घुघरी श्री हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित उपस्थित थे।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 122 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई

ग्वालियर

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 122 लोगों की समस्यायें सुनी गई। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, एडीएम श्री टी एन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया व श्री संजीव जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 122 आवेदनों में से 50 दर्ज किए गए। शेष 72 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सुधा गौतम बनी अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा मंडला जिला अध्यक्ष

अनवर खान/ फतवा



मंडला मध्य प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के द्वारा मंडला किला वार्ड नंबर 2 स्थित गौतम निवास की रहने वाली श्रीमती सुधा गौतम (पति श्री संजय गौतम) को संगठन के मंडला जिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है ग्रेजुएट ऑनर्स की योग्यता रखने वाली 45 वर्षीय सुधा गौतम जी भाजपा महिला मोर्चा की स्थानीय नगर मंत्री, करणी सेना परिवार और पतंजलि योग पीठ से भी जुड़ी हुई हैं एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उनकी सक्रिय पहचान रही है द्य अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना महासभा के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक डॉ एम एस सिंह मानस, मध्य प्रदेश वीरांगना की अध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष प्रो रश्मि सिंह बैस और प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सबिता गौतम एवं श्रीमती अर्चना सिंह और जबलपुर संभाग की अध्यक्ष एडवोकेट शैफाली सिंह बैस ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया है की मंडला और आसपास में संगठन और क्षत्राणि समाज को नई बुलंदियां हासिल करने में उनके अनुभवों का लाभ मिलेगा।

# निःशुल्क कोचिंग क्लासेस में छात्र-छात्राओं को किया गया निःशुल्क पुस्तक वितरण

ग्वालियर

जरूरतमंद विद्यार्थियों को सिविल सर्विसेज अर्थात यूपीएससी एवं एमपी-पीएससी की तैयारी कराने के लिये संचालित निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के छात्र छात्राओं को निन्शुल्क किताबें और नोट्स उपलब्ध कराए गए हैं। नायब तहसीलदार श्री दीपक धाकड़ द्वारा उपलब्ध कराई गईं इन पुस्तकों का वितरण श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य बी पी एस जादौन द्वारा किया गया। ग्वालियर में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर जिला प्रशासन एवं आदर्श परिवार व आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के सहयोग से श्रीमंत माधवराव सिंधिया विज्ञान महाविद्यालय परिसर में यह निन्शुल्क कोचिंग संचालित हो रही है। कोचिंग की निगरानी जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी श्री विवेक कुमार द्वारा की जा रही है। कोचिंग में नियमित साप्ताहिक टेस्ट सीरीज भी संचालित हो रही है। निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के सहायक संचालक श्री राजू सिंह कुशवाह ने बताया कि सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए इच्छुक छात्र छात्राएं कोचिंग समम पर उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। कोचिंग से जुड़ने के लिए मोबाइल नं. 7089447620 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# शहर के बीचों बीच स्थित बेशकीमती सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

ग्वालियर



मशीनों की मदद से ध्वस्त किए गए बेजा कब्जे

सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए विशेष मुहिम जारी

सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिये जिले में चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत जिला प्रशासन की टीम ने शहर के बीचों बीच स्थित बेशकीमती माफी औकाफ की लगभग 10 हजार वर्गफुट जमीन से मशीनों की मदद से बेजा कब्जे हटवाए। मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर एसडीएम लश्कर श्री नरेन्द्र बाबू यादव के नेतृत्व में गई संयुक्त टीम ने कोटा लश्कर क्षेत्र में यह कार्रवाई की है। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग 2 करोड़ रूपए आंकी गई है। एसडीएम श्री नरेन्द्र बाबू यादव ने बताया कि ग्राम कोटा लश्कर स्थित सर्वे क्र.-199 माफी औकाफ की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा पक्के निर्माण कर बेजा कब्जे कर लिए थे। इन बेजा कब्जों को मंगलवार को हटवाया गया। उन्होंने बताया कि इस सर्वे क्र. में लगभग 4 हजार वर्गफुट में पपलू खान द्वारा संचालित किया जा रहा स्टील अलमारी कारखाना, सायरा खान द्वारा लगभग 1800 वर्गफुट क्षेत्र में बनाया गया अवैध मकान, विमला कुशवाह द्वारा 3500 वर्गफुट में बनाई गई बाउण्ड्रीवॉल एवं लगभग एक हजार वर्गफुट में बना एक अवैध मकान मशीनों की मदद से ध्वस्त कराए गए। इस प्रकार कुल 10 हजार वर्गफुट सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। अतिक्रमण हटाने के लिये गई टीम में तहसीलदार लश्कर श्री विनीत गोयल व श्री शिवदत्त कटारे, जनकगंज थाना प्रभारी व पुलिस बल तथा नगर निगम का मदाखलत दस्ता शामिल था।

# ग्वालियर की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक



ग्वालियर

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्वालियर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने को लेकर भोपाल स्थित मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक ली और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्वालियर जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी व खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह और ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की मौजूदगी में यह बैठक हुई। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट एवं मंत्री द्वय श्री कुशवाह श्री तोमर ने जेएएच सहित जिले के अन्य अस्पतालों की आवश्यकताओं के संबंध में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही कार्यों के प्रस्ताव भी रखे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जयारोग्य अस्पताल, ग्वालियर में सीटीवीएस (कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी) विभाग के आवश्यक पदों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार करने और अस्पताल भवन के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों को शीघ्रता एवं प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जेएएच समूह सहित ग्वालियर के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में अधोसंरचना विकास, मानव संसाधन (चिकित्सकीय स्टाफ) व उपकरण उपलब्धता की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय एवं जयारोग्य चिकित्सा समूह की आवश्यकताओं जैसे-नवीन पीजी छात्रावास, नवीन सभागार, अकादमी भवन, टीबी अस्पताल, आवास आदि के संबंध में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के समक्ष प्रस्ताव रखे। साथ ही रिक्त प्रोफेसर के पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव रखा। उन्होंने जिले के भवन विहीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के नवीन भवन निर्माण, कार्यालय भवन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन, डॉक्टर्स एवं अन्य स्टाफ की पूर्ति के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव रखे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभागीय अधिकारियों को ग्वालियर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये जल्द से जल्द आवश्यक स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। साथ ही कहा कि प्रदेश सरकार सम्पूर्ण प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य है कि नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टॉफ की पर्याप्त नियुक्ति सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, तथा संचालक श्री नीरज कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# 'जल गंगा संवर्धन अभियान' पृथ्वी तालब को पर्यटन के रूप में विकसित किया जायेगा- सांसद श्री कुशवाह

**जल संरचनाओं के संरक्षण और वृक्षारोपण के कार्य में आमजन भी भागीदार बनें- महापौर डॉ. शोभा सिकरवार**

**2 करोड़ 66 लाख रूपए की लागत से पृथ्वी तालाब का होगा सौंदर्यीकरण**

**सांसद एवं महापौर ने किया पृथ्वी तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन**

ग्वालियर

शहर के पृथ्वी तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य 2 करोड़ 66 लाख रूपए की लागत से किया जायेगा। पृथ्वी तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जायेगा। तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह एवं महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने भूमिपूजन कर किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजूपत, वार्ड-61 के पार्षद एवं एमआईसी मेम्बर श्री नाथूराम ठेकेदार, वार्ड-62 की पार्षद श्रीमती गौरा अशोक सिंह, मण्डल अध्यक्ष श्री सुधाकर पाठक, अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार सहित ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। सम्पूर्ण प्रदेश की भाँति ग्वालियर जिले में भी जल संरचनाओं के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के वार्ड-61 में स्थित पृथ्वी तालाब के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हाथ में लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल संरचनाओं को संरक्षित करना हम सबकी जवाबदारी है। वायु परिवर्तन आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती है। इस चुनौती का हम सबको मिलकर ही सामना करना है। जल संरचनाओं का संरक्षण करने के साथ-साथ वृहद स्तर पर वृक्षारोपण के कार्य को भी हाथ में लेना होगा।

सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि केन्द्र सरकार के ग्रीन कार्ड कार्यक्रम के तहत भी जिलेभर में कार्ययोजना तैयार कर कार्य किए जायेंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिये समाज के सभी वर्गों का सहयोग लेकर अपने जिले को हरा-भरा बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि पृथ्वी तालाब के लिये अमृत योजना के तहत 3 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई है। जिसके माध्यम से तालाब के सौंदर्यीकरण और वृक्षारोपण के माध्यम से तालाब को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने का कार्य किया जा रहा है।

महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा कि नगर निगम के माध्यम से पृथ्वी तालाब के सौंदर्यीकरण एवं संरक्षण के लिये कार्य हाथ में लिया गया है। शासन-प्रशासन के प्रयासों के साथ-साथ आम जनों को भी जल संरचनाओं के संरक्षण और वृक्षारोपण के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करना आवश्यक है। वृक्षारोपण करने के साथ-साथ लगाए गए पेड़ों को सुरक्षित रखने की जवाबदारी भी हम सबको ही लेनी होगी। महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा कि नगर निगम के ग्रामीण क्षेत्र के वार्डों में वृहद वृक्षारोपण के लिये अनेक स्थान उपलब्ध हैं। इन स्थानों पर सभी के प्रयासों से नीम, बरगद, आम, जामुन आदि के वृहद वृक्षारोपण कार्य को करना होगा, तभी हम अपने शहर के पर्यावरण को और अच्छा बना सकते हैं। पृथ्वी तालाब के जीर्णोद्धार से आसपास के नागरिकों को एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा।

## सांसद एवं महापौर ने श्रमदान कर तालाब जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

पृथ्वी ताल के जीर्णोद्धार कार्य के भूमिपूजन के उपरांत सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह एवं महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार के साथ ही जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों ने भी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य में योगदान दिया। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे तालाब के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री पटेल तीन दिवसीय प्रवास पर सतना एवं मैहर आयेंगे

**सतना**

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 16 अप्रैल को दोपहर 2.45 बजे मैहर जिले के झुकेही में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत टमस नदी के उद्गम स्थल पर पूजन एवं जन चर्चा करेंगे। इसके बाद मंत्री श्री पटेल सायं 4.20 बजे सतना नगर के टाउन हाल में पंच-सरपंच सम्मेलन में शामिल होने के पश्चात सायं 6 बजे सतना जिले से कार द्वारा रीवा के लिये प्रस्थान करेंगे। मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रवास के दूसरे दिन 17 अप्रैल को रात्रि 8 बजे दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट आकर रात्रि विश्राम



करेंगे। मंत्री श्री पटेल प्रवास के तीसरे दिन 18 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे मझगवां के मंदाकिनी नदी उद्म स्थल (मढवा) तथा दोपहर 12 बजे नागौद में अमरन नदी उद्गम के स्थल (भिगोरा) में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूजन एवं जन चर्चा कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 1.45 बजे उचेहरा पहुंचकर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम और दोपहर 3 बजे मैहर जिले के एकलव्य छात्रावास में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। तदुपरांत मंत्री श्री पटेल सायं 5.30 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन एवं पूजन करेंगे और सायं 6 बजे कार द्वारा मैहर से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# शासन/प्रशासन की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के लिए हुई बैठक

**सतना।**

जिले के कोटर क्षेत्र के बीजेपी युवा समाजसेवी एवं सक्रिय कार्यकर्ता रवि प्रताप सिंह ने आदर्श ग्राम पंचायत अबेर में समाज कल्याणकारी शासन प्रशासन द्वारा मिलने वाली योजनाओं को घर-घर जन-जन तक पहुंचाने के लिए बैठक में बीजेपी सक्रिय कार्यकर्ताओं की सहमति से निर्णय लिया कि गरीब असहाय परिवार और वृद्ध असहाय लोगों/किसान/मजदूर को शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। जिससे मोदी की गारंटी योजना जिस तरह से लोगों का मनोबल बढ़ा रही है, ये योजना सुचारु रूप से



चलती रहे। और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को नई ऊर्जा मिले। इस मौके पर रवि प्रताप सिंह कोटर, विकाश सिंह अबेर, अमित सिंह कोटर,अम्बुज सिंह झलवार, श्रीधर सिंह, विनय सिंह टिकुरी, गोलू सिंह कुशवार सहित युवा शक्ति समाजसेवी उपस्थित रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

**पन्ना।**

कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की संपन्न हुई बैठक में आवश्यक सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने सहित उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर कलेक्टर सुरेश कुमार ने निर्धारित एजेंडा पर चर्चा कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। साथ ही शासकीय सेवकों द्वारा दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का पालन सुनिश्चित कराने के लिए कहा। तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने डायमंड चौराहा सहित अन्य स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए सीएमओ और यातायात पुलिस को पुनः अभियान चलाने, पन्ना-बृजपुर मार्ग पर स्पीड ब्रेकर स्थापित कराने, एनएमडीसी से स्मृति वन तक सड़क के दोनों किनारों पर प्राथमिकता से लोक निर्माण विभाग द्वारा




साइड सोल्डर लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय गेट के सामने की सड़क पर भी स्पीड ब्रेकर बनाने तथा आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए भी जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में जिले में 168 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। इनमें 41 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 245 व्यक्ति घायल हुए, जबकि गत वर्ष के प्रथम त्रैमास में दर्ज 123 सड़क दुर्घटनाओं में 36 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 159 व्यक्ति घायल हुए।

## ऑटो रिक्शा स्टैण्ड का भ्रमण कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने कहा कि पन्ना नगर में सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के उद्देश्य से चार स्थानों पर ऑटो एवं ई-रिक्शा स्टैण्ड के लिए स्थल का चिन्हांकन किया गया है। अजयगढ़ मार्ग के लिए चंद्रशेखर पार्क के सामने, पहाड़ीखेरा रोड के लिए गल्ला मंडी के पास, छतरपुर मार्ग के लिए बेनीसागर पार्क तथा देवेन्द्रनगर मार्ग के लिए बीटीआई तिराहा में ऑटो एवं ई-रिक्शा स्टैण्ड प्रस्तावित है। संबंधित अधिकारी निर्धारित स्थल का भ्रमण कर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अमानगंज नगर में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने के निर्देश भी दिए। इस क्रम में मोहन निवास चौराहा से लिश्यू आनंद स्कूल तक सड़क मरम्मत तथा जिला अस्पताल के सामने स्थापित दुकान के दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर सामान रखने की समझाईश देने के लिए कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जे.पी. सोनकर सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं समिति सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# लंबित शिकायतों का समय सीमा में करें प्रभावी निराकरण: कलेक्टर

### लापरवाह सचिव एवं रोजगार सहायकों को निलंबित करने के निर्देश

**पन्ना।**

कलेक्टर सुरेश कुमार ने मंगलवार को कलेक्टेऽट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान समस्त विभागीय अधिकारियों को समयावधि में प्रभावी निराकरण के लिए निर्देशित किया। आगामी 28 अप्रैल को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागवार चयनित विषयों से संबंधित तथा प्रत्येक विभाग की 100 दिवस से अधिक अवधि की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का भी 20 अप्रैल के पूर्व शत-प्रतिशत संतोषप्रद निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा वर्तमान में सी एवं डी ग्रेड वाले विभाग के अधिकारियों को पुरानी शिकायतों के साथ वर्तमान माह की नवीन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पन्ना एवं बीएमओ प्रशांत सिंह भदौरिया के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इसी तरह आरसीएमएस पोर्टल पर अधिक संख्या में लंबित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण सहित लोक सेवा गारंटी अधिनियम की सेवाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करने तथा टीएल एवं जनसुनवाई की नस्तियां भी अविलंब प्रेषित करने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री कुमार ने जनपद पंचायतवार ग्राम पंचायतों की साप्ताहिक समग्र ई-केवाईसी प्रगति की जानकारी लेकर गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और लापरवाह पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही के निर्देश दिए। अन्य जनपद पंचायत तथा नगरीय निकायों में भी अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश देते हुए



आगामी 30 अप्रैल तक ई-केवाईसी कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए कहा।

## कुपोषित बच्चों को एनआरसी में कराएं भर्ती

कलेक्टर ने कहा कि जिले में स्थापित समस्त पोषण पुनर्वास केन्द्रों में चिन्हांकित कुपोषित बच्चों को भर्ती कर आवश्यक उपचार प्रदान करें। समस्त एनआरसी का क्षमता अनुसार संचालन सुनिश्चित हो। मेडिकल ऑफिसर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी द्वारा इस कार्य में आवश्यक समन्वय किया जाए। कुपोषण दूर करने के प्रयासों में कोई कमी न रहे। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी और संबंधित एसडीएम को एक सप्ताह में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। एनआरसी की अव्यवस्थाओं के संबंध में त्वरित रूप से सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक में जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों में वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित करने, न्यायालयीन मामलों में प्राथमिकता से जबावदावा दाखिल करने, असफल ई-भुगतान का समय सीमा में निराकरण, गेहूं उपार्जन कार्य में गति बढ़ाने और समन्वय के साथ कार्य कर समस्याओं के त्वरित निराकरण सहित ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्याओं के निराकरण, केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत शेष मुआवजा एवं पुनर्वास राशि के शत-प्रतिशत वितरण तथा नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत सभी पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने हेतु सर्वेक्षण दल के गठन के लिए भी निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन एवं खाद्यान्न वितरण में लापरवाही पर संबंधित के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही के निर्देश समस्त एसडीएम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को दिए। इसके अलावा एसडीएम एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को दुकान संचालन में अनियमित्ता पर कार्यवाही सहित बुधवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह जल निगम के अधिकारी को पेयजल योजना के कार्यों में लोक निर्माण विभाग की सड़कों के मरम्मत के निर्देश भी दिए गए। टीएल बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की प्रगति के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कस्टम हायरिंग सेंटर जूना ग्राम में वाटर सेट महोत्सव हुआ आयोजित

# वाटरशेड योजना से क्षेत्र में आई खुशहाली : गोपाल भार्गव




**सागर**

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 परियोजना क्रमांक 03 अंतर्गत अंबेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम जूना में आयोजित वाटरशेड महोत्सव मे वाटरशेड के प्रचार-प्रसार एवं जल संवर्धन हेतु यात्रा के लिए वाहन को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। तथा 38 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे कस्टम हायरिंग सेंटर का लोकार्पण एवं राशि 88 लाख से होने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए भूमिपूजन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने किया। वाटर शेड के कर्मचारियों द्वारा द्वारा गोपाल भार्गव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। गोपाल भार्गव ने जल के महत्व को समझाया। जल संरक्षण कैसे किया जाए इसके बारे में से बताया और कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत संचालित योजनाओं का लाभ लेवे। कहा कि विगत वर्षों में वाटरशेड योजना एवं अन्य माध्यमो से क्षेत्र में अनेको छोटी बड़ी जलसंरचनाओं का निर्माण किया गया है ।जिससे क्षेत्र में सिंचाई का रकवा बढ़ा है।क्षेत्र का बहुत बड़ा रकबा तीन फसली हो गया है।श्री भार्गव ने बताया कि वाटरशेड योजना के प्रथम चरण में पिपरिया गोपाल पंचायत के पूर्व सरपंच कौशल कपस्या के कार्यकाल में 80 खेत तालाबो का निर्माण किया गया था जिसके लिए भारत सरकार द्वारा पंचायत को पुरुष्कृत भी किया गया था।कार्यक्रम में विभागीय जानकारी सतेन्द्र सिंह तोमर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं पानी बचाओ का संदेश दिया। कार्यक्रम में विकासखंड जल अधिग्रहण अभियंता सतेन्द्र सिंह तोमर ,विकासखंड समन्वयक दीपक घुरे, विकासखंड समन्वयक दीपक जैन ,जनपद सीईओ आर जी अहिरवार, जिला परियोजना अधिकारी जय गुप्ता , राजू जारौलिया सहित ग्रामीण उपस्थित थे। मंच संचालन विक्की जैन ने किया।

# पटवारी नहीं मानते तहसीलदार का आदेश रास्ता खुलवाने भटक रहा फरियादी

## जमीनी विवादों व रास्ता संबंधी मामलों का निराकरण नहीं होने से हो रहे खून खराबे

**पन्ना।**

जिले के अजयगढ़ तहसील क्षेत्र के कुछ पटवारियों की मनमानी और लापरवाही की वजह से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। तहसीलदार के आदेश के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने से आए दिन विवाद हो रहे हैं, कई बार खून खराबा भी हो चुका है, इसके बावजूद लापरवाही जारी है। ताजा मामला रतनपुर बहिरवारा का सामने आया है। फरियादी देशराज लोध पन्ना कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में शिकायती आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि ढाल सिंह पिता रामखेलावन लोध निवासी रतनपुर द्वारा आम रास्ते में अतिक्रमण किया गया है जिससे आवागमन बधित हो रहा है



शिकायती के आधार पर तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटवाने आदेश जारी किया गया था, लेकिन तीन माह बीतने के बाद भी पटवारी के द्वारा कार्यवाही नहीं की गई जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद है और लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कभी भी विवाद की स्थिति एवं शांति भंग होने की संभावना जताई गई है।

# अंत्येष्टि सहायता की राशि हितग्राहियों को दी

**सागर**

नगर पालिका में संबल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि सहायता की राशि विभिन्न वार्डों के



पांच हितग्राहियों को नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता ने 5 -5 हजार रुपए प्रदान किए। जिनमें उर्मिला पटेल विवेकानंद वार्ड ,स्वाती रैंकवार साबूलाल वार्ड, विष्णु दुबे जगदीश वार्ड , सुमतरानी रैंकवार वल्लभभाई , श्रीराम अहिरवार रानी अवंतीबाई वार्ड के हितग्राही शामिल है। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष महेश कोरी, मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व नपा उपाध्यक्ष हरिनारायण कुशवाहा,पुरुषोत्तम यादव,इंद्रजीत चौहान, राजेंद्र यादव, देवेंद्र यादव ,नीलेश दुबे रज्जन लोधी, उपस्थित थे।

# जेनेटिक काउंसलिंग में समुदाय का सहयोग लिया जाए : राज्यपाल श्री पटेल

**भोपाल**

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में जेनेटिक काउंसलिंग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में मध्यस्थों की भूमिका की संभावनाओं पर कार्य करते हुए समुदाय का सहयोग प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा है कि सिकल सेल एनीमिया आनुवंशिक रोग है। रोग को खत्म करने के लिए वैवाहिक और गर्भधारण संबंधी सावधानियां के बारे में सामुदायिक जन जागृति की दिशा में प्रभावी पहल जरूरी है। जेनेटिक काउंसलिंग कार्य में समुदाय के नेतृत्व और पंचायत पदाधिकारियों का सहयोग भी लिया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन में जनजातीय प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि रोगी को स्वस्थ बनाने के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रमाणित औषधियों और चिकित्सा पद्धतियों को स्वीकार किया जाना चाहिए। मध्यप्रदेश के वनों में प्रचुर मात्रा में वन औषधियों की उपलब्धता है। इन औषधियों के सिकल सेल रोगी को स्वस्थ बनाने के अनुभवों और उपयोग के परीक्षणों के प्रमाणीकरण का कार्य व्यापक स्तर पर तेज गति से किया जाए। लक्ष्य समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एक जटिल रोग है, जो लगभग 21 प्रकार के रोगों का कारण बन सकता है। जरूरी है कि रोग प्रबंधन के कार्य बहुआयामी और एकीकृत स्वरूप में किए जाएं। समस्त रोगियों की उपचार व्यवस्थाओं के साथ ही वाहकों को भी आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सहयोग प्रदान किया जाए। स्वस्थ जीवन शैली के लिए मार्गदर्शन दिया जाए। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि रोग नियंत्रण प्रयासों को व्यक्ति केंद्रित किया जाए। हर स्तर पर औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता हो। समस्त रोगियों और

### समस्त रोगी और वाहकों को स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना ही लक्ष्य आयुष लोक स्वास्थ चिकित्सा शिक्षा समीक्षा बैठक हुई




वाहकों को उपचार,औषधि और जेनेटिक काउंसलिंग की सेवाएं उपलब्ध हो। उन्होंने छात्रावासों के भोजन में लौह तत्व की उपलब्धता वाले खाद्य पदार्थों को जोड़ने की जरूरत बताई है। गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच, जेनेटिक परामर्श और नवजात शिशुओं के वैक्सीनेशन के प्लेटफार्म के रूप में आंगनवाड़ियों को शामिल करने के लिए कहा है। बैठक में जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता, प्रमुख सचिव आयुष श्री डी.पी. आहूजा, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव एवं अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**एमसीबी जिले में अधूरी टंकियां, बिछी नहीं पाइपलाइन, हर घर जल योजना बन गई मजाक**

# एमसीबी जिले में जल जीवन मिशन अब तक अधूरा, क्या? भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजना

भूपेंद्र सिंह गंभीर फ़तवा

एमसीबी–भारत सरकार द्वारा शुरू की गई बहुप्रचारित योजना जल जीवन मिशन, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के हर घर को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना था, वह एमसीबी जिले में भ्रष्टाचार, अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ता दिख रहा है। जिले के कई गांवों में न तो पानी की टंकियां सही तरीके से बनी हैं और न ही पाइपलाइन बिछाई गई है। 'हर घर जल' का सपना ग्रामीणों के लिए अब एक बड़ा धोखा बनकर रह गया है।

## शुरू होने से पहले ही फटने लगीं पानी की टंकियां

जल जीवन मिशन के तहत जिन टंकियों का निर्माण कराया गया, वे शुरू होने से पहले ही दरकने लगी हैं। कुछ टंकियों में दरारें पड़ी हैं तो कुछ जगहों पर पानी के दबाव से टंकी की दीवारें बाहर की ओर झुकने लगी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में अत्यंत घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और जिम्मेदार अधिकारियों ने आँख मूँदकर इसे पास कर दिया।

## गांव-गांव में अधूरी योजना, सिर्फ दिखावे के नल



एमसीबी जिले के कई गांवों में घरों के बाहर नल जरूर खड़े कर दिए गए हैं, लेकिन उनमें पानी की एक बूंद भी नहीं आती। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी से अगर पानी भेजा ही नहीं जाएगा, तो ये नल किस काम के? ये सिर्फ फोटो खिंचवाने और रिपोर्टों में 'कार्य पूर्ण' दिखाने के लिए लगाए गए हैं। कुछ गांवों में तो टंकियां बनी ही नहीं हैं, और जिनमें बनी हैं, वहां पानी लाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई।

## पाइपलाइन की बिछत अधूरी, कई जगह शुरू ही नहीं हुई

एक ओर जहां टंकियां अधूरी और असुरक्षित हैं, वहीं दूसरी ओर गांवों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य या तो शुरू ही नहीं हुआ या बीच में अधूरा छोड़ दिया गया। कुछ गांवों में पाइपलाइन का नामोनिशान तक नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि योजना को गंभीरता से लागू नहीं किया गया।

## भ्रष्टाचार की बू, लाखों का घोटाला संभव

ग्रामीणों और कुछ जागरूक सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस योजना में लाखों रुपये का घोटाला हुआ है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से लेकर काम की निगरानी तक हर स्तर पर लापरवाही और भ्रष्टाचार दिखाई देता है। स्थानीय पंचायतों और अधिकारियों के मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है।

## ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, माँग की जांच की

गांववासियों का कहना है कि वे वर्षों से साफ पानी के लिए जूझ रहे हैं। जल जीवन मिशन से उन्हें उम्मीद थी कि अब उनके घरों तक शुद्ध जल पहुंचेगा, लेकिन योजना से सिर्फ निराशा हाथ लगी है। कई गांवों में लोग विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं और जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की माँग कर रहे हैं।

## प्रशासन की चुप्पी, कोई जवाबदेही नहीं

जिले के अधिकारियों से जब इस संबंध में संपर्क किया गया तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। कुछ अधिकारी फाइलों का हवाला देकर मामले को टालते नजर आए। इससे साफ है कि जिम्मेदारी तय करने की बजाय मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।
जल जीवन मिशन जैसी जनकल्याणकारी योजना अगर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाए, तो इससे न केवल सरकार की छवि धूमिल होती है, बल्कि आम जनता का भरोसा भी टूटता है। ऐसे में जरूरी है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जब तक जिम्मेदारों को सजा नहीं मिलेगी, तब तक ऐसी योजनाएं ज़मीनी स्तर पर सफल नहीं हो पाएंगी।

# मदिरा दुकान के अहातों का उच्चतम बोली के आधार पर आवंटन



बिलासपुर

कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में मदिरा दुकानों के अहाता आवंटन की कार्यवाही संपन्न हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के लिये बिलासपुर जिले की 66 देशी,विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 36 मदिरा दुकानों के संलग्न अहाता/अहातों के समूह हेतु लाईसेंस धारियों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। अहातों की अनुज्ञप्ति हेतु 36 मदिरा दुकानों में से 27 मंदिरा दुकानों हेतु कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों में से उच्चतम बोली लगाने वाले आवेदक का चयन किया गया। चयनित आवेदकों को 02 दिवस के भीतर निर्धारित राशि जमा करनी होगी। शेष 9 मदिरा दुकानों के अहातों हेतु आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुए । उनके व्यवस्थापन हेतु आगामी तिथि आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा नियत की जावेगी। चयन प्रक्रिया की कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी समीर मिश्रा, कल्पना राठौर, छबि लाल पटेल एवं आबकारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र शुक्ला, रमेश दुबे, ऐश्वर्या मिंज, नेतराम बंजारे, भूपेन्द्र जामडे एवं अन्य स्टॉफ भी उपस्थित थे।

# बिरकोना में 10 एकड़ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, 23 लोगों के मकान पर चला बुलडोजर

बिलासपुर।

जिले के बिरकोना इलाके में मंगलवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 एकड़ सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाया। इस जमीन पर 23 लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर पक्के मकान बना लिए थे। शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर बिलासपुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम को जांच व आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार गरिमा ठाकुर, जोन कमिश्नर, राजस्व अमला और पुलिस बल की टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। प्रशासन ने इससे पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, साथ ही 9 अप्रैल को बेदखली आदेश जारी करते हुए उन्हें स्वयं कब्जा हटाने का अंतिम मौका दिया गया था। तय समयसीमा में कब्जा नहीं हटाने के चलते प्रशासन ने सख्ती दिखाई और मंगलवार को कार्रवाई की।

## संपूर्ण कार्यवाही रही शांतिपूर्ण

कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन की ओर से बताया गया कि यह कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मौके पर उपस्थित जोन कमिश्नर और राजस्व अधिकारियों ने स्थिति पर लगातार निगरानी रखी।

## किन-किन लोगों का कब्जा हटाया गया

प्रशासन द्वारा जिन 23 लोगों के अवैध कब्जे हटाए गए हैं, उनके नाम इस प्रकार हैं- विकास पिता रामभजन, श्याम बाई पति जनक गोड, पूनम पांडेय पति आशुतोष, प्रमीला यादव पति विनोद, पोस्टमेन पिता रामचरण साहू, महगुराम, नरेंद्र, अरुण बघेल, रामायण गोड, अशोक गोड, कुमारी गोड, ईश्वरी गोड, दुर्गेश साहू, गोपी गोस्वामी, हजारीलाल सूर्यवंशी, राजकुमार शुक्ला, फागूराम, बरातू मानू, जनऊ, बनऊ, धनऊ, अर्जुन, दिलीप एवं सुंदर पिता समेलाल।

## प्रशासन सख्त, आगे भी होगी कार्रवाई

राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार गरिमा ठाकुर ने बताया कि सरकारी जमीन को खाली कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, और इस दिशा में आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की जयंती मनाई , सक्ती भाजपा ने



सक्ती

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सक्ती के द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत एक दिन पहले से ही तैयारी चल रही थी।नाका चौक में मूर्ति के आस पास झाड़ू लगाकर साफ सफाई अभियान चलाया गया बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा को पानी से साफ किया गया एवं 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर जी के जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े जी भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल जी ,रामावतार अग्रवाल संजय रामचंद्र अनूप अग्रवाल मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी जनप्रतिनिधि तथा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्टेशन रोड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष अंबेडकर जी की 135 वी जयंती मनाई गई देश के संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर जी को पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया एवं उपस्थित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने डा.भीमराव आंबेडकर जी अमर रहे अमर रहे के नारे लगाए इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल,संजय रामचंद्र अनूप अग्रवाल,रंजन सिन्हा धनंजय नामदेव रामनरेश यादव दीपक गुप्ता अन्नपुर्णा राठौर अनीता सिंह ललिता साहू मनोज सिसोदिया चक्रधर साहू संजय अग्रवाल विनोद पांडे अमन डालमिया, लाखन नामदेव रामावतार साहू सूरज देवांगन आदित्य अग्रवाल अभिषेक अग्रवाल पुरुषोत्तम खूंटे सहित भाजपा के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े कोई भी अधिकारी - कलेक्टर

सक्ती

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर द्वारा सभी विभागों में आमजनता से प्राप्त आवेदनों तथा समय सीमा के लंबित प्रकरणों का विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुवे तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए है।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुवे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को स्वास्थ्य केंद्र से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के लिए उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य के साप्ताहिक प्रोग्रेस की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन मिशन,चिरायु योजना सहित स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत चल रहे अन्य कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए है। कलेक्टर



ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को जिले में पीएचई विभाग अंतर्गत कार्यरत ठेकेदारों द्वारा कार्य के दौरान सड़कों को खोदकर वापस नहीं पाटने की कई शिकायत प्राप्त होने की बात कही और ऐसी समस्याओं का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे तेजी से और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने पंचायत विभाग अंतर्गत संचालित अन्य कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा सहकारिता विभाग अंतर्गत सहकार से समृद्धि योजना अंतर्गत समिति बनाए जाने के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कृषि विभाग से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, ई केवायसी, लैंड सीडिंग आदि के साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत स्वीकृत आवास, अप्रारंभ आवास, प्रगतिरत आवास, अपूर्ण आवास, पूर्ण आवास व प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए कार्यों की जानकारी विस्तारपूर्वक ली। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा बैठक में पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन के कार्य आदि की भी जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जनचौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा, एसडीएम डभरा श्री बालेश्वर राम, सक्ती एसडीएम श्री अरुण कुमार सोम, मालखरौदा एसडीएम श्री रूपेंद्र पटेल, सहायक जिला कोषालय अधिकारी श्री प्रदीप देवांगन, तहसीलदार श्री विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती डॉ. रविशंकर राठौर, तहसीलदार मालखरौदा श्री मनमोहन सिंह, तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती गरिमा मनहर, अतिरिक्त तहसीलदार बाराद्वार श्रीमती सुशीला साहू, तहसीलदार श्री भीष्म पटेल सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए एसपी कार्यालय में फायर मॉक ड्रिल



**बिलासपुर** अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया । इस दौरान अग्निशमन विभाग के जिला अग्निशमन अधिकारी श्री दीपांकुर नाथ ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी कर्मचारियों को अग्नि एवं अग्नि दुर्घटना के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी । इस दौरान फायर ट्राएंगल, एक्टिंग्विशिंग मीडिया के बारे में बताया गया। कौन से टाइप के फायर को किस प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से बुझाया जा सकता है, इस बारे में बताया गया। अग्निशमन के कर्मचारी तथा एसडीआरएफ के जवानों ने मॉक ड्रिल करके दिखाया । साथ ही आगजनी की घटना होने पर क्या करें और क्या नहीं करें, इस संबंध में जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम के दौरान डीएसपी मुख्यालय श्रीमती रश्मित कौर चावला, सिविल लाइन थाना प्रभारी श्री साहू तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया । श्री दीपांकुर नाथ जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया किसी भी घटना, दुर्घटना होने पर पुलिस फर्स्ट रिस्पॉन्डेट होती है जो घटना स्थल पर पहुंचती है। अतः पुलिस को फायर एक्सटिंग्विशर की जानकारी होना आवश्यक है। इस उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया । श्री नाथ ने शहर वासियों से आग के प्रति सजग, जागरूक एवं एकजुट होने का अनुरोध किया है ।

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ दिलाने भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर ने लगातार किया है काम सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े

सक्ती

सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा श्रीमती कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का सामाजिक समरसता दिवस के रूप में आयोजन किया गया।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअली जुड़कर भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुवे संबोधित किया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्जवलित कर किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती जांगड़े ने कहा कि भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने समाज के अंतिम



पायेदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ दिलाने की दिशा में लगातार काम किया है द्य उन्होंने आगे कहा कि यह बहुत ही हर्ष की बात है कि आज हम सभी भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जयंती पर एक साथ उपस्थित होकर उन्हें याद कर रहे है द्य कार्यक्रम दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी किया गया। भारत रत्न स्व. डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर सांसद, कलेक्टर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभिन्न समाज प्रमुखों को सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर जिला पंचायत एपीओ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुआर साय सरकार विशेष पखवाड़ा (15 से 30 अप्रैल) के अंतर्गत होने वाले सर्वेक्षण कार्य की जानकारी और योजना की पात्रता संबंधी जानकारी दी गई । जिला पंचायत एपीओ द्वारा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक तीन चरणों में आयोजित होने वाले मोर दुआर साय सरकार महाभियान की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई द्य साथ ही हर विकासखण्ड से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और सीएससी-वीएलई सेवा प्रदाताओं के मध्य एमओयू (सहमति पत्र) की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। इसके साथ ही इस अवसर पर भूजल संरक्षण हेतु जानकारी दी गई व 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारम्भ की जानकारी भी दी गई।


सरगुजा क्षेत्र के लिए संपर्क करें पेपर, विज्ञापन,समाचार ,एजेंसी हेतु संपर्क करें आपके अपने क्षेत्र के लिए



धर्मेंद्र वस्त्राकर
स्थानीय संपादक कार्यालय बिलासपुर

# फरार वारंटियों पर रामनगर पुलिस की कार्यवाही कॉम्बिंग गश्त में पांच वारंटी पकड़ाए ,कोतमा न्यायालय में पेश

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर मोती उर रहमान के द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में दिनांक 16 अप्रैल 2025 को थाना रामनगर पुलिस द्वारा 05 वारंटो को तामील किया गया। , न्यायालय के निर्देश पर थाना रामनगर पुलिस ने विभिन्न गंभीर मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की तलाश की थी। इसी क्रम में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनके नाम और विवरण निम्नानुसार हैंः-

1. रमेश सिंह गोंड पिता बंशीलाल गोंड, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 34, थाना कोतमा। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 669/24 धारा 292/24, 34(ए) भादंवि के तहत वारंट जारी था।
2. संदीप गोंड पिता बंशीलाल गोंड, उम्र 34 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 34, थाना कोतमा। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 1037/22 धारा 375/22 एवं 447/186 भादंवि में वारंट जारी था।
3. साहिल शर्मा पिता विजय शर्मा, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, थाना कोतमा। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 401/23, 249/23 एवं 281/23 धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत वारंट जारी था।
4. लल्लू परसेंनिया पिता मुनठ्ठु परसेंनिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 7, सीही दफाई, थाना रामनगर। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 430/23 धारा 294, 323, 506 भादंवि में वारंट था।
5. मुन्ना परसेंनिया पिता वीरन परसेंनिया, उम्र 39 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 6, फुलवारी टोला। इनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 598/23 एवं 418/24 धारा 294, 323, 506 भादंवि के तहत स्वारंट जारी था।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामनगर के कुशल मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक सुमित कौशिक के नेतृत्व में टीम के प्रआर 89 अमित पटेल, प्रआर 31 निरंजन खलखो, प्रआर 54 राहुल सिंह, प्रआर 389 मनोज उपाध्याय, आर0 547 अनुराग भार्गव एवं आर0 457 मूरत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# थाना-भालूमाड़ा पुलिस ने गुमइंसान दस्तयाब की कार्यवाही




थाना - भालूमाड़ा जिला अनूपपुर (म.प्र.) श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर श्री मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, श्रीमान् अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा के पुलिस स्टाफ द्वारा गुमइंसान क्रं. 30/2025 दिनांक 13/04/2025 को सूचनाकर्ता नोहर यादव पिता सुनई यादव उम्र 38 साल निवासी वार्ड न 13 संतोषी दफाई भालूमाड़ा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 12/04/2025 को रात्रि करीब 08 बजे मैं सुभाष चन्द्र गुप्ता के घर गाय लगाने गया हुआ था मेरी पत्नी पूजा यादव उम्र 30 वर्ष व दो बच्चे घर पर टी.वी.देख रहे थे उसी बीच मेरी पत्नी पूजा यादव बिना बताये घर से कही चली गई है की रिपोर्ट पर गुम इंसान सदर कायम कर गुमसुदा की पता तलाश की गई दौरान पता तलास दिनांक 15/04/2025 को गुमशुदा पूजा यादव को उसके मायके ग्राम खोडरी थाना रामनगर में दस्तयाब किया गया व उसके पति नोहर यादव को सुपुर्द किया गया है । अहम भूमिका - थाना प्रभारी भालूमाडा निरी संजय खलको, स.उ.नि. किरण मिश्रा म.आर. 379 ज्योति मालवीय प्र.आर. 56 राजकुमार परस्ते ।

# पोषण पखवाड़े के तहत आयोजित की जा रही हैं विभिन्न गतिविधियां

**अनूपपुर**

सातवां पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत अनूपपुर जिले में भी कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में पोषण पखवाडा के तहत मंगलवार को अनूपपुर जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी केंद्रो में अन्नप्राशन दिवस मनाया गया, जिसमें 6 माह पूर्ण कर चुके



बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया एवं 06 माह से 12 माह तक के बच्चो को पोषण के रूप में दिए जाने वाले आहार के बारे में माताओं को जानकारी दी गई, जिससे उनके बच्चों को भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य मिल सके। इन गतिविधियों का उद्देश्य लोगों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना 2.0 अंतर्गत खालेकठई में आयोजित हुआ वाटर शेड महोत्सव

- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना गांव-गांव में हर खेत को पानी पहुँचाने का सपना साकार कर रही- विधायक बांधवगढ़
- प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 का उद्देश्य हर खेत को पानी देना है-कलेक्टर
- वाटरशेड कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पानी सहेजना नहीं, बल्कि मिट्टी का संरक्षण, भूजल स्तर बढ़ाना भी है- आशुतोष अग्रवाल

**उमरिया**

जनपद पंचायत करकेली , जो मध्यप्रदेश के उमरिया जिले का एक प्रमुख विकासखंड है, ने एक बार फिर साबित किया है कि यदि इच्छाशक्ति हो और नेतृत्व स्पष्ट हो, तो ग्रामीण विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया जा सकता है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत आयोजित वाटरशेड महोत्सव 2025 इसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल रही। विधायक बांधवगढ शिव नारायण सिंह ने कहा ÷जल ही जीवन है, और अगर हमने अभी भी जल संरक्षण के बारे में गंभीरता से नहीं सोचा, तो आने वाली पीढ़ियों को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना गांव-गांव में हर खेत को पानी पहुँचाने का सपना साकार कर रही है। उन्होनें महोत्सव के माध्यम से सभी किसानों, पंचायतों और युवाओं से आग्रह किया कि वे जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने बताया कि अब तक इस योजना के अंतर्गत क्षेत्र में अधिक जल संरचनाओं का निर्माण हो चुका है, जिनसे अधिक भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलने लगी है।

आने वाले समय में इस कार्य को और भी विस्तार दिया जाएगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 का उद्देश्य हर खेत को पानी देना है, ताकि किसानों को वर्ष भर सिंचाई की सुविधा मिल सके और खेती की उत्पादकता में वृद्धि हो। योजना के अंतर्गत वाटरशेड डेवलपमेंट एक महत्वपूर्ण घटक है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूजल स्तर को बढ़ाने और भूमि सुधार जैसे कार्यों पर केन्द्रित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि वाटरशेड कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पानी सहेजना नहीं, बल्कि मिट्टी का संरक्षण, भूजल स्तर बढ़ाना, वनीकरण, पशुपालन और आजीविका सुधार से भी जुड़ा है। उन्होंने कहा ÷हमारा प्रयास है कि ग्राम पंचायतें स्वयं इस दिशा में योजना बनाएं, ग्राम स्तर पर समिति बनाएँ और ग्रामवासियों की भागीदारी से जल प्रबंधन को सफल बनाएं। जलग्रहण क्षेत्र में हरियाली, तालाब गहरीकरण, नाला पुनर्निर्माण, चेक डैम निर्माण जैसे कार्यों से गाँव को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों ने खालेकठई में बनी जल संरचनाओं का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी , जनप्रतिनिधि मिथिलेष पयासी, दीपक छत्तवानी, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कई सरपंच, जनप्रतिनिधि, किसान, पंचायत प्रतिनिधि, महिला स्व-सहायता समूह, युवा, छात्र-छात्राएं, और स्थानीय जन मौजूद रहे।

# अवैध तरीके से स्कूल के पास दारू बेचने प्रतिबंध लगाने के लिए समस्त ग्राम वासियों ने पलेरा तहसीलदार और थाना प्रभारी को दिया आवेदन




आज पलेरा तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत दांत गोरा मैं अवैध तरीके से दारू पर प्रतिबंध लगाने के लिए समस्त ग्राम वासियों ने इकट्ठे होकर पलेरा तहसीलदार और पलेरा थाना प्रभारी को दिया आवेदन और मांग की गई की जल्दी से जल्द प्रशासन हमारी मांगों पर विचार करें। जिससे कि हमारे गांव के बच्चों का भविष्य सुधर सके। स्कूल के पास 100 मीटर की दूरी पर दारू बेची जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। और गांव का माहौल खराब होता है। आए दिन घरों में लड़ाई होती है। जिससे मारपीट और घरेलू हिंसा देखने को मिलती है। गांव की औरतें अपने आदमियों से परेशान है। क्योंकि दारू पीकर आदमी आते हैं ।और बच्चों की मारपीट और पैसे की मांग करते हैं ।जिससे हर घर में झगड़ा जैसा माहौल बन जाता है। शासन प्रशासन के लोगों से विनम्र रूप से निवेदन व अनुरोध है। की अवैध तरीके से स्कूल के पास दाऊ बेचने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और दाऊ पर रोक प्रतिबंध लगाया जाए। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा की यदि प्रशासन 7 दिन के अंदर दाऊ पर प्रतिबंध नहीं लगता है। तो समाजवादी पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। जिसकी जिम्मेदारी मध्य प्रदेश के शासन प्रशासन की होगी। सपा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा ग्राम पंचायत दांत गोरा के बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, लक्ष्मी यादव, पूर्व सरपंच,। रघुवीर आदिवासी, शंकर आदिवासी, राममिलन, कल्लू , छोटू यादव पार्वती, भवानी बाई, खरगी, सललो आदि महिलाएं उपस्थित रही।

# जल गंगा संवर्धन अभियान एवं अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार की कलेक्टर व्दारा की गई समीक्षा

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।**

प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले में प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के साथ ही अब जिले के समस्त नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि अपने क्षेत्रांतर्गत नदी, तालाबों, कुओं का चिन्हांकन करें तथा जन सहयोग के माध्यम से घाट की साफ सफाई, सौंदर्यीकरण का कार्य करें। उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, समाज सेवियों, पत्रकारों, स्वयं सेवी संस्थाओं, स्व समूह की महिलाओं को आमंत्रित किया जाए।

उन्होने अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में मिट्टी के कटाव एवं पानी के बहाव को संरक्षित करने के उददेश्य से बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी उपयंत्री स्थल का चयन कर लें तथा बोरी बंधान में कितनी बोरियां लगनी है , उसका आंकलन भी कर लें । जल की एक एक बूंद को सहेजने में अपनी मिट्टी अपना जल कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हो, इस दिशा में कार्य करें। उन्होने बताया कि जिले में प्रवाहित होने वाली छोटी, बडी जल संरचनाओ का सर्वेक्षण किया जाकर बोरी बंधान उपयुक्त स्थल का चयन विभिन्न तकनीकी अमले के माध्यम से कराया जाएगा । चयनित स्थल पर जनसहयोग के माध्यम से तकनीकी अधिकारियों के निर्देश में विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित कर कार्य कराया जाएगा।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में कक्षा 7 वीं एवं 9 वीं की रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**अनूपपुर**

प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर ने बताया है कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र एवं छात्राओं हेतु संचालित विशिष्ट संस्था एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) अनूपपुर में सत्र 2025-26 हेतु कक्षा सातवीं एवं नवमी में रिक्त सीटों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया है कि कक्षा सातवीं में 4 बालक एवं 6 बालिका कुल 10 एवं कक्षा नवमी में मात्र एक बालिका की सीट रिक्त है। उन्होंने योग्यता एवं शर्तों के संबंध में जानकारी दी है कि अभ्यर्थी की प्रोफाइल पंजीकरण अनुसूचित जनजाति वर्ग में होना चाहिए। अभ्यर्थी को अर्हकारी कक्षा सातवीं के लिए छठवीं एवं कक्षा नवमी के लिए आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इच्छुक आवेदकों को आवेदन आवश्यक दस्तावेजों जैसे प्रोफाइल पंजीकरण अनुसूचित जनजाति वर्ग, अर्हकारी कक्षा की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र व विद्यार्थी की फोटो के साथ 26 अप्रैल 2025 तक संस्था में कार्यालयीन समय प्रातः 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे के मध्य प्रस्तुत करना होगा। कक्षा सातवीं एवं नवमीं के लिए टेस्ट (ईएमआरएसएलटी) का आयोजन 29 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। प्रवेश हेतु चयन ईएमआरएसएलटी टेस्ट के प्राप्तांक से तैयार मेरिट सूची के आधार पर होगा। तैयार मेरिट सूची के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को फोन एवं मैसेज के माध्यम से सूचित किया जाएगा। प्रवेश की समस्त प्रक्रिया एनईएसटीएस द्वारा जारी प्रवेश मापदंडों के अनुरूप होगी। प्रश्न पत्र का प्रारूप बहुवैकल्पिक प्रश्न पर आधारित होगा। जिनमें कुल 100 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न दो अंक का होगा। परीक्षा में अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के कुल 100 प्रश्न होंगे तथा परीक्षा प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित होगा।

# आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल ब्यौहारी के आखेटपुर में लोगों ने उत्साहपूर्वक बोरी बंधान कार्य में किया श्रमदान

**शहडोल**

आओ बचाएं जल, करे सुरक्षित कल पानी बचाओ कल के लिये पानी की बर्बादी जीवन की बर्बादी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन भागीदारी, जनप्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के सदस्यों, समाजसेवी व अन्य लोगों के सहयोग से जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार, नदी नालों की सफाई, बोरी बंधान तालाबों का गहरीकरण जैसे अन्य कार्य निरंतर किये जा रहे है। शहडोल जिले के जनपद पंचायत




ब्यौहारी के ग्राम आखेटपुर में पानी की एक-एक बूंद सहजेने के लिए, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी सहित अन्य लोगों द्वारा बोरी बंधान एवं नदी नाला सफाई कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया।

श्रमदान कार्य में जिला पंचायत सदस्य श्री पुष्पेंद्र पटेल, जनपद सदस्य श्री अरविंद पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विजय सिंह, जन अभियान परिषद के सदस्य श्री हीरालाल साहू, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, स्व-सहायता समूह की महिलाएं सहित अन्य लोगों ने सहभागिता निभाई।

HINDUSTAN POWER

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड के द्वारा फ्लाई ऐश (राखड़) का किया जा रहा शत प्रतिशत उपयोग

सकरा क्षेत्र | शारदा खदान



फ्लाईऐश भरने से पहले | फ्लाईऐश भरने के बाद | वृक्षारोपण विकास | फ्लाईऐश भरने से पहले | फ्लाईऐश भरने का कार्य प्रगति पर

## एमबी पावर द्वारा निचली भूमि को फ्लाई ऐश (राखड़) से भरने के लाभ

- भू भराव में फ्लाई ऐश (राखड़) का उपयोग कर समतलीकरण करने से अनुपयोगी भूमि को उपयोगी बनाया जाता है।
- भू भराव हेतु फ्लाई ऐश (राखड़) का उपयोग करने से मृदा का संरक्षण होता है जिससे प्राकृतिक संसाधनों की खुदाई कम होती है।
- फ्लाई ऐश (राखड़) द्वारा समतलीकरण की गई भूमि को खेल के मैदान, चारागाह, व हरित पट्टिका एवं अन्य उपयोग में किया जाता है।
- फ्लाई ऐश (राखड़) से भू भराव पश्चात समतलीकरण की गई भूमि को भवन निर्माण के लिए उपयोग किया जाता है।
- गड्ढे की भूमि को फ्लाई ऐश (राखड़) भराव कर समतलीकरण कर देने से उसमें होने वाले जान माल का खतरा टल जाता है।

**ज्ञात हो कि कंपनी के द्वारा आज दिनांक तक लगभग 100 एकड़ से अधिक अनुपयोगी भूमि को उपयोगी बनाया गया है।**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. ने 19 जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 09, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संपादक डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरवी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो. 9893798715